।। श्री हरिः ।।
नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

RNI No. MPHIN /2004 /13927
वर्ष - 21 अंक - 269
नर्मदापुरम
शनिवार, 12 जुलाई 2025
● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया
Website : www.amritdarshan.com



काँवड़ यात्रा में शामिल हुए सीएम

## कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के साथ होगी माकूल व्यवस्थाएँ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ■ प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ अनुकूल व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की जा रही है। इस संबंध में निर्देश जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन त्रिवेणी शनिमंदिर से कावड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कावड़ यात्रियों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कावड़ का पूजन कर कावड़ उठाई और अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संत श्री उत्तम स्वामी के साथ पैदल चलकर कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया।



कावड़ यात्रियों का पुष्प-वर्षा कर किया स्वागत

सीएम ने कहा कि प्रदेश में सभी त्यौहार उत्साह के साथ मनाने की परम्परा राज्य सरकार ने शुरू की है। ईश्वर और संतजन के आशीर्वाद से उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियाँ तेजी से की जा रही है। हम इस सोच के साथ सभी तैयारियां कर रहे है कि वर्ष-2028 के बाद यदि प्रतिवर्ष सिंहस्थ जैसे आयोजन हों तो किसी प्रकार की समस्या न आये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन में संतों के लिये आश्रम और अन्य व्यवस्थाओं को जुटाने के लिये सिंहस्थ धार्मिक सिटी का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में उज्जैन आने वाले श्रृद्धालुओं के लिये सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित होंगी। सीएम ने कावड़ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में कई संस्कृतियाँ हैं, दुनिया में तो 194 देश है लेकिन कोई देश अपने कोई भी शुभ काम प्रारंभ करने के लिए जल के माध्यम से कोई संकल्प नहीं लेता है। भारतीय संस्कृति जल ही जीवन की संस्कृति और जीवन जीने की पद्धति रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईश्वर की कृपा से हम हजारों सालों से जल के गुणों से परिचित हैं।

### बम-बम भोले के जयकारों से गूंजी कावड़ यात्रा



**देहरादून।** कांवड़ यात्रा आज से प्रारंभ हो रही है। श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से चतुर्दशी तक हर की पैड़ी से गंगाजल लेकर कांवड़िये यूपी, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश के नगरों, कस्बों और गांवों के शिवालयों में चढ़ाएंगे। कांवड़ भरने के लिए असंख्य कांवड़ियों का आगमन इन चौदह दिनों में होने वाला है। श्रावण मास में शिवभक्तों की तीन महायात्राएं होती हैं। पहली है कांवड़ यात्रा, दूसरी महायात्रा बाबा अमरनाथ की है। तीसरी कैलाश मानसरोवर यात्रा है। ये यात्रा जितनी थकाने वाली हैं, जलाभिषेक के बाद उतनी ही आनंद प्रदाता भी हैं। हरिद्वार का महत्व इसलिए है कि काल के प्रथम खंड में कनखल के राजा ब्रह्मपुत्र दक्ष को दिया वचन निभाने लिए भोले भंडारी शुक्रवार को कनखल आ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओंकारेश्वर में सावन के पहले दिन से महाआरती का शुभारंभ, कोटीतीर्थ घाट पर होगा दीपदान



**खंडवा।** सनातन धर्म में श्रावण मास की अति विशिष्ट धार्मिक मान्यताएं हैं और इन दिनों बाबा भोले के भक्त उनका आशीर्वाद लेने शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। वहीं ज्योतिर्लिंग मंदिरों में तो यह भीड़ एक जन सैलाब की तरह नजर आती है। इसी के चलते मध्य प्रदेश के खंडवा जिले की धार्मिक और पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में शुक्रवार से शुरू हो रहे श्रावण मास 2025 की तैयारियों को लेकर मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक कर विशेष तैयारियां की गई हैं। बता दें कि इस वर्ष श्रावण मास 14 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस दौरान कुल 6 सोमवार पड़ेंगे। श्रावण के दिनों में ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने एक विशेष कार्य योजना भी बनाई है।

### कल से दुबई और स्पेन की यात्रा पर जायेंगे सीएम डॉ मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पेन यात्रा का एक बड़ा फोकस पर्यटन और हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर भी



रहेगा। वे बार्सिलोना में होने वाली बैठकों में टेक्सटाइल, गारमेंट और डिजाइन सेक्टर की अग्रणी कंपनियों से भी चर्चा करेंगे। मध्य प्रदेश में उद्योग और रोजगार बढ़ाने के साथ निवेशकों को आमंत्रित करने के प्रयास लगातार जारी है, सीएम इसे खुद लीड कर रहे हैं, वे अलग अलग शहरों में जाकर मध्य प्रदेश की विशेषताएं, यहाँ उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देकर निवेशकों को आमंत्रित कर रहे हैं साथ ही विदेशी निवेशकों को भी आमंत्रित कर रहे हैं जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, मुख्यमंत्री डॉ यादव एक बार फिर निवेशकों को मध्य प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए विदेश यात्रा पर जाने वाले हैं।

### ड्यूटी से गायब डॉक्टरों पर गिरी गाजः सात दिन का वेतन कटा

**भोपाल।** शहर के स्वास्थ्य संस्थानों में कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। 9 जुलाई को आयोजित एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में गैरमौजूद रहने पर संबंधितों के खिलाफ वेतन कटौती और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, नटखट चौराहा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित त्यागी शिविर में बिना पूर्व सूचना के गैरहाजिर पाए गए। इस पर उनके खिलाफ सात दिन के वेतन की कटौती करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### अंतर्मना उवाच

***हमारी औक़ात सिर्फ एक कफन ही तो है.. जिसे खरीदने की, खुद ओढ़ने की हमारी ताकत भी नही है..!***

*कितनी बार हादसे होते हैं, मौत भी बहुरूपिया बनकर अनेक रूपों में लेने आती है। लेकिन हम आज*



*तक मौत को समझ नहीं पाये।* ***मौत का दुःख तब असहनीय होता है, जब किसी अपने खास की मौत हो जाती है।*** *सचमुच मौत को जानना है तो जब वह सामने खड़ी हो, तब इसके दुःख को भोगो। उसे झुठलाओ मत। तरकीबें मत खोजो। जिस पत्नी के सुख पाया है उसके निधन का दुःख भी भोगो, जिस पति से आनंद का अनुभव किया है उसके जाने पर अभाव का असहाय दुःख है उससे भी गुजरो, न शराब पीकर भुलाओ, न सिद्धांतो को पढ़कर, न भजन-कीर्तन करके अपने आप को समझाओ, न मन को यहां वहां लगाओ, दुःख की अग्नि में सीधे उतर जाओ।* ***दुःख को ही प्रार्थना और ध्यान बना लो, फिर देखना - तुम उस मृत्यु से कैसे निखर कर बाहर आओगे।*** *जब तक हम दुःख की आग से नहीं गुजरेंगे, तब तक हम सोना बनकर बाहर निखर कर नहीं आ पायेंगे। तभी जीवन में वैराग्य का उदय होगा।*

*जिस दिन हम मौत के दुःख को बहुत करीब से देख लेंगे उस दिन हम ज़िन्दगी की भाग दौड़ से बच जायेंगे और धर्म सेवा सत्संग के बहुत करीब पहुंच जायेंगे। फिर ज़िन्दगी की हर आती जाती स्वांस में मौत दिखेगी। वृक्ष से गिरता हुआ पत्ता भी संसार की असारता का बोध करा देगा। क्योंकि मौत जीवन की वास्तविक घटना है जिसे हम नजरअंदाज करके जी रहे हैं।* ***ज़िन्दगी में मौत ही सुनिश्चित है, शेष सब कुछ अनिश्चित है,*** *इसलिए मैं कहता हूं -*

***जिन्दगी में और तो सब तय है, पर सच में तय कुछ भी नहीं है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## प्रदेश के विकास के लिए सीएम डॉ. यादव ने दिए 12 हजार करोड़

## मध्यप्रदेश में 30 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, 15 हजार रोजगार मिलेंगे

इंदौर ■ एजेंसी

इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इसमें लगभग 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में यह निवेश आए हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में देशभर से आए उद्योगपतियों से सीधे चर्चा की और उनकी परेशानियों को जाना। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत उद्योगों में आने वाली परेशानियां दूर करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि भी विशेष रूप से मौजूद थे।

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों कार्यों की सौगातें दी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान भी दिया। इसके अलावा इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिए एक हजार 320 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया गया है।





#### कहां कितना निवेश आया

| | |
|---|---|
| उद्योग : | 12 हजार 473 करोड़ |
| होटल : | 3 हजार 344 करोड़ |
| रियल एस्टेट : | 1812.14 करोड़ |
| एजुकेशन : | 72.45 करोड़ |
| रिन्यूअल एनर्जी : | 500 करोड़ |
| आईटी : | 100 करोड़ |

#### शहरों को मिलेगी नई उड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेक्स्ट होराइजन : बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के शहरों को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलभ, स्विफ्ट और सुरक्षित परिवहन, किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होते हैं। भविष्य की ट्रांसपोर्टेशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किए जा रहे हैं। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर शहरों में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 582 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

### मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे 26वीं किश्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 12 जुलाई को ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के कालिदास अकादमी में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।

### 16वां 'रोजगार मेला' देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित होगा

## 51 हजार युवाओं को आज नियुक्ति पत्र सौंपेंगे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

12 जुलाई को 'रोजगार मेला' का आयोजन होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के मुताबिक, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे।

यह 16वां 'रोजगार मेला' देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जबकि नियुक्तियां केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं। चयनित नए उम्मीदवार पूरे देश से आए हैं और वो जिन विभागों में शामिल होंगे, उनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय समेत कई अन्य मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। 'रोजगार मेला' पीएम मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'रोजगार मेला' प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 22 अक्टूबर 2022 को मिशन मोड में शुरू किया गया था।



कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के मुताबिक, यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक मौके दे रही है। 'रोजगार मेला' की पहल ने अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ सरकारी संगठनों को मिशन मोड में अपनी रिक्तियों को भरने में सक्षम बनाया। विभागों और संगठनों को स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, पुलिस स्टेशनों और कर कार्यालयों आदि में उच्च गुणवत्ता वाली नागरिक सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली। इससे हमारे रक्षा और सुरक्षा संगठनों को भी लाभ हुआ।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश भर में आयोजित 'रोजगार मेलों' के माध्यम से 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। इससे माना जा सकता है कि यह कार्यक्रम युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### केसरबाग में लगेंगे 51 हजार फलदार और औषधीय पौधे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहाँ पूरा विश्व एक परिवार की तरह है। जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियो और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग में जो 4 एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे सुन्दर और प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया बनाया जाएगा

## आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- नेता को 75 साल की आयु में रिटायर हो जाना चाहिए

नई दिल्ली ■ एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने फिर से कहा है कि नेताओं को 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। उन्होंने नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि जब आपको कोई 75 साल का होने पर बधाई देता है, तो इसका मतलब है कि आपको रुक जाना चाहिए। दूसरों को काम करने का मौका देना चाहिए। संघ प्रमुख भागवत ने यह टिप्पणी उस समारोह में की जहां मोरोपंत पिंगले की स्मृति में एक किताब का लोकार्पण किया गया। भागवत ने आपातकाल (1975) के बाद राजनीतिक बदलाव के दौरान पिंगले की भविष्यवाणियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब चुनाव की चर्चा हुई, मोरोपंत ने कहा था कि अगर सभी विपक्षी दल एक साथ आएं तो करीब 276 सीटों पर जीत जाएंगे और जब परिणाम आए, तो 276 सीटों पर ही जीत हुई। हालांकि, वे चुनाव परिणाम के दौरान इन चर्चाओं से दूर रहे। पिंगले ने कभी अपनी उपलब्धियों का जिक्र नहीं किया।



#### 75 की उम्र में सेवानिवृत्ति 5 साल पहले बोले थे भागवत- पीएम मोदी अपवाद

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर में 75 साल के होने वाले हैं। ऐसे में भागवत के इस बयान से बहस छिड़ गई है। शिवसेना (उद्धव गुट) नेता संजय राउत ने कहा कि संघ प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी को यह संदेश दिया है। हालांकि, पांच साल पहले भागवत ने 75 की उम्र में सेवानिवृत्ति के अपने इस बयान पर मोदी को अपवाद बताया था।

### एक देश एक चुनाव से नहीं होगा संविधान का उल्लंघन





**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने एक देश एक चुनाव मसौदे को लेकर संसदीय समिति को सुझाव दिए हैं। पूर्व सीजेआई ने समिति को बताया है कि एक देश एक चुनाव से संविधान का उल्लंघन नहीं होगा। दोनों न्यायाधीशों ने प्रस्तावित कानून में चुनाव आयोग को दी गई भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जेएस खेहर और डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति से बात की।

## बस से उतारकर 9 यात्रियों को मारी गोली, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मचा हड़कंप

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में हथियारबंद हमलावरों ने नौ बस यात्रियों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी. प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार, गुरुवार शाम यात्रियों को कई बसों से अगवा किया गया. इसके बाद हमलावर उन्हें पास के पहाड़ी इलाके में ले गए, जहां उनकी हत्या कर दी गई. रॉयटर्स ने इस संबंध में खबर प्रकाशित की है. एक अन्य सरकारी अधिकारी नावेद आलम ने बताया कि पीड़ितों के शव रातभर में पहाड़ियों में मिले. उन्होंने कहा, उनके शवों पर गोली के निशान थे और उन्हें पहाड़ी इलाके में रात के समय बरामद किया गया.

अब तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. हालांकि, इस तरह की घटनाओं को पहले अलगाववादी बलूच उग्रवादियों से जोड़ा गया है, जो अक्सर पंजाब प्रांत के लोगों को पहचान कर निशाना बनाते हैं. बलूच लिबरेशन आर्मी क्षेत्र का सक्रिय उग्रवादी समूह है. अफगानिस्तान और ईरान से सटे इस खनिज संपन्न क्षेत्र में लंबे समय से ये सक्रिय है. वे सरकार पर बलूचिस्तान के संसाधनों के शोषण का आरोप लगाते हैं।



### *40 बैंक खातों की जांच शुरू, जांच में 13.90 करोड़ मिलने की पुष्टि*

## छांगुर बाबा को विदेश से मिले 500 करोड़, हिंदू लड़कियों का करवाया धर्मांतरण

नई दिल्ली ■ एजेंसी

*जबरन धर्मांतरण कराने के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के ऊपर लगातार कार्रवाई की जा रही है। छांगुर बाबा के आलीशान घर को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया है। अब पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ये जानकारी मिली है कि जांच एजेंसी को यूपी में अवैध धर्मांतरण के लिए जमालुद्दीन को 500 करोड़ से ज्यादा की विदेशी फंडिंग का शक है।*

*एंटी टेरर स्क्वॉड ने शुक्रवार को एक सनसनीखेज खुलासा किया है। एटीएस ने बताया कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को पिछले तीन वर्षों में लगभग 500 करोड़ का विदेशी फंड प्राप्त हुआ। इसमें से 200 करोड़ की रकम आधिकारिक बैंकिंग माध्यमों से भारत पहुंची, जबकि 300 करोड़ अवैध हवाला चैनलों के माध्यम से नेपाल से भारत लाए गए। ये पैसे मुस्लिम देशों से आए। भारत में धर्मांतरण करवाने के इरादे से ये पैसे छांगुर बाबा को भेजे गए। एटीएस की जांच में सामने आया है कि नेपाल के काठमांडू, नवलपरासी, रूपनदेही और बांके जैसे सीमावर्ती जिलों में 100 से अधिक बैंक खाते खोले गए, जिनमें पैसे जमा किए गए। ये फंड पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्की जैसे मुस्लिम बहुल देशों से आए थे। इन खातों से पैसा नेपाल में स्थानीय एजेंटों के माध्यम से भारत पहुंचाया गया। एजेंट इसके एवज में 4-5% कमीशन लेते थे। कई बार पैसे कैश डिपॉजिट मशीन के जरिए जमा किए गए। नेपाल से भारत आने के बाद फंड को बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर जैसे जिलों में स्थानीय मनी एक्सचेंजर्स के माध्यम से भारतीय रुपये में बदला गया। बिहार के मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्णिया, किशनगंज, चंपारण और सुपौल जिलों के एजेंट भी इस अवैध फंडिंग नेटवर्क में शामिल पाए गए हैं।*



*एटीएस के अनुसार, सबसे अधिक विदेशी फंडिंग अयोध्या जिले में पहुंची, जहां कथित तौर पर हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराया गया। छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों से जुड़े 40 बैंक खातों की जांच शुरू हो चुकी है। जांच के दौरान नवीन रोहरा के छह बैंक खातों में 34.22 करोड़ और नसरीन के खातों में 13.90 करोड़ मिलने की पुष्टि हुई है।*

### अमित शाह आज फूंकेंगे निकाय चुनाव प्रचार अभियान का शंख

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भाजपा राज्य समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन शनिवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। शाह कार्यालय भवन पर पार्टी का झंडा फहराएंगे और एक पौधा भी लगाएंगे। ऐसे में राज्य में सुरक्षा तेज कर दी गई है। इस बाबत कन्नूर में हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में रविवार से बढ़ेगा मानसून का असर

**भोपाल।** राजधानी में आगामी दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि वर्तमान में भोपाल के आसपास कोई सक्रिय द्रोणिका नहीं है, जिसके चलते शनिवार तक मौसम सामान्य रहने की संभावना है। हालांकि कहीं-कहीं हल्की फुल्की बारिश जरूर हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक दिव्या ई सुरेंद्रन ने बताया कि फिलहाल राजधानी में किसी बड़े मौसमी सिस्टम की सक्रियता नहीं है, जिससे शुक्रवार और शनिवार को मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। तापमान में भी ज्यादा उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। शहरवासियों को इस दौरान राहत रहेगी, लेकिन उमस बनी रह सकती है। सुरेंद्रन ने आगे बताया कि रविवार और सोमवार से राजधानी में फिर से भारी बारिश की संभावना बन रही है। बंगाल की खाड़ी की ओर से नया सिस्टम बनने की स्थिति में राजधानी में मानसून दोबारा सक्रिय हो सकता है। गुरुवार को सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक एयरपोर्ट रोड पर 17.01 मिमी और अरेरा हिल्स में 17.02 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### मंदाकिनी से दानिश कुंज तक सड़क बनी जानलेवा

**भोपाल।** भोपाल के मंदाकिनी से दानिश चौराहे के बीच सडक़ निर्माण नहीं होने से लोग परेशान हैं। बारिश से सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई जगह से डामर पूरी तरह से उखड़ गया है। ऐसे में लोगों ने प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता केपीएस राणा और भोपाल के चीफ इंजीनियर संजय मस्के को कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौड़ ने ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने कोलार के मंदाकिनी से दानिश चौराहे तक की 80 फीट सडक़ का कार्य एक सप्ताह में शुरू करने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि निर्माण शुरू नहीं होता है तो पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव करेंगे। जिस सडक़ निर्माण की मांग की जा रही है, वह भूमिका रेजीडेंसी, सिग्नेचर-99 समेत एक दर्जन बड़ी कॉलोनियों से जुड़ी हैं। वहीं, जेके हॉस्पिटल भी यही है। ऐसे में हर रोज हजारों लोग परेशान होते हैं। कांग्रेस नेता राठौड़ ने बताया, कोलार के वार्ड 82 में मंदाकिनी चौराहे से लेकर जेके हॉस्पिटल होते हुए दानिश कुंज चौराहे तक की 80 फीट सडक़ का टेंडर 3 माह पहले हो चुका है, लेकिन अभी तक सडक़ निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इस महत्वपूर्ण सडक़ पर बारिश शुरू होते ही कई जगह गड्ढे हो चुके हैं।

### ईओडब्ल्यू को नहीं मिल रहे अधिकारी-कर्मचारी

**भोपाल।** मप्र में ईओडब्ल्यू को अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिल रहे है। दरअसल, ईओडब्ल्यू मुख्यालय ने एक आदेश निकाला है। जिसमें इच्छुक अधिकारियों और कर्मचारियों से आवेदन मांगा गया। आदेश में लिखा है कि सभी जिलों में रिक्त पद के लिए आवश्यकता है। ईओडब्ल्यू मुख्यालय ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें निरीक्षक, कार्यवाहक निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, कार्यवाहक आरक्षक के पद के लिए आवेदन मांगा है। आदेश में लिखा कि सभी जिलों में रिक्त पद के लिए आवश्यकता है।

### सीएससी दिवस पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# डिजिटल ट्रांजेक्शन में भारत देश एक नम्बर पर : मंत्री सारंग

- कॉमन सर्विस सेंटर लोगों को सुविधा और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का साधन
- कॉमन सर्विस सेंटर डिजिटल भारत का मुख्य स्तम्भ- नरेंद्र शिवाजी पटेल





भोपाल ■ निसं

कॉमन सर्विस सेंटर के 16वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रशासनिक अकादमी, भोपाल में किया गया7 कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग केबिनेट मंत्री, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर जहां एक ओर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है, वहीं इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो रहे है। देश के विकास में सरकार के लिये गये निर्णयों में सीएससी का गठन सबसे अग्रणीय निर्णय रहा। आज भारत देश डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले में नम्बर एक पर है। मंत्री सारंग ने यह बात सीएससी दिवस के उपलक्ष्य में आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित कार्यशाला में कहीं। इस अवसर पर सीएससी के राज्य प्रमुख अतुलित राय भी उपस्थित थे।

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और कल्याण के कार्य किये जा रहे है। प्रधानमंत्री मोदी ने पारदर्शिता के साथ योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है, इसमें बीएलई की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर व्यक्ति में ईमानदारी और कर्त्तव्य बोध है, इसे जगाने की जरूरत है। सीएससी के माध्यम से लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बीएलई प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लोगों और सरकार का काम कर रहे। उनके व्यवहार, आचरण और कार्य पद्धति से व्यवस्था परिलक्षित होती है। बीएलई द्वारा लोगों के किये गये कार्य से उसे पैसों के साथ दुआएं भी मिलती हैं।

### केन्द्र और राज्य की जनहितैषी योजनाओं का हो रहा संचालन

कार्यशाला में सी एस सी के राज्य प्रमुख अतुलित राय के द्वारा अतिथियों को कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा संचालित सभी सर्विसेज के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित जन हितैषी सेवाओ का संचालन जैसे - आधार केंद्र, बैंक कीओस्क, आयुष्मान, पी.एम.विश्वकर्मा योजना, पी. एम. किसान ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी, लाडली बहना ई- केवायसी, टेली लॉ योजना, ई- डिस्ट्रिक्ट सेवाये, बैंकिंग सेवाए, बीमा सेवाए आदि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं शहरी क्षेत्रो में प्रदान किया जा रहा है। सी एस सी दिवस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के सभी जिलो से जिला प्रबंधक एवं लगभग 200 सीएससी संचालको ने सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से पधारकर शिरकत की।

मंत्री सारंग ने सुझाव दिया कि सीएससी में सुझाव और शिकायत की भी व्यवस्था हो और वर्ष में सीएससी में परफॉर्मेंस और उनके व्यवहार के आधार पर अवार्ड दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बीएलई का व्यवहार अच्छा रहे उन्हें सम्मानित करें, जिससे दूसरे लोग भी प्रेरित हों। उन्होंने बीएलई से कहा कि सीएससी में सफाई व्यवस्था उसका उन्नयन और नवाचार करने से आपकी साख बढ़ेगी और विकसित भारत की परिकल्पना पूर्ण होगी। कार्यशाला में सीएससी पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। उज्जैन, अशोकनगर, डिण्डोरी, दमोह, पन्ना, छिंदवाड़ा के एक-एक बीएलई, छतरपुर, सिवनी, देवास के दो-दो कुल 12 बीएलई उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किये गये।

उक्त कार्यक्रम मे सभी सीएससी की सहयोगी कंपनी, सीएससी दिवस के कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता राज्य प्रमुख अतुलित राय, अनुराग सिंह एवं सहयोगी आशीष द्विवेदी, रवि सिंह, संजय नगरिया, यूनिस, नीतेश पटेल, मनीष कुमार बादल, संकल्प सोनी, सन्नी शर्मा, अभिनंदन त्यागी, प्रतीक शर्मा, सुमित बर्मन, अंकित मिश्रा, कपिल खण्डेलवाल, सागर गुप्ता, विपिन मालवी, मोहम्मद हुसैन, नीतेश, गोविंदा, ,मोहम्मद हुसैन थे।

### ग्रामीण स्तर उद्यमी का मंच से किया सम्मान

मुख्य अतिथियों ने अशोकनगर से पवन, छतरपुर- निकेत चौरसिया, सिवनी- पंकज चौधरी, डिंडोरी- समरु सिंह कुलस्ते, देवास-विपुल भूताड़ा, दमोह-आदर्श दुबे, पन्ना- विनय कुशवाहा, छतरपुर- धर्मेन्द्र साहू, छिन्दवाडा- जितेंद्र कलावत, सिवनी- खेम करण सिंह राजपूत, देवास- राहुल कुमावत, उज्जैन - राहुल पाटीदार का किया सम्मान।

### सभी शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के दिए निर्देश

# महापौर मालती राय ने किया मालीखेड़ी में निर्माणाधीन विसर्जन घाट का अवलोकन

भोपाल ■ निसं



महापौर श्रीमती मालती राय ने मालीखेड़ी में निर्माणाधीन विसर्जन घाट का अवलोकन किया और सभी शेष कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने व विसर्जन स्थल पर प्रतिमाओं के विसर्जन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय, जोन अध्यक्ष विकास पटेल सहित निगम के अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

महापौर श्रीमती मालती राय ने वार्ड क्र. 72 के अंतर्गत मालीखेड़ी में निर्माणाधीन विसर्जन घाट के कार्यों का अवलोकन किया और सभी कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने विसर्जन घाट के सभी शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि विसर्जन घाट निर्माण में प्रतिमाओं के विसर्जन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किए जाए। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम शहर के चारों ओर विसर्जन घाटों की सुविधा उपलब्ध कराएं ताकि त्यौहारों एवं पर्वों पर श्रद्धालुजन को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

### स्कूल चलें अभियान का दूसरा चरण 16 से

**भोपाल।** प्रदेश में पहले दौर में स्कूल चले हम अभियान सफल नहीं रहा है, इसलिए अब राज्य शासन ने 16 जुलाई से 31 जुलाई तक दोबारा स्कूल चले अभियान शुरू करने का फैसला किया है। दोबारा यह अभियान इसलिए शुरू किया जा रहा है क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग के रिकार्ड में यह बात आई है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल सरकारी स्कूलों में बच्चों के एडमिशन कम हुए हैं। इसलिए अब चाइल्ड ट्रेकिंग एप के माध्यम से डोर टू डोर अभियान चलाकर 6 से 18 साल तक के बच्चों की तलाश की जाएगी। हालांकि विभाग के अफसर अभी इसके रिकार्ड जारी करने से यह कहकर बच रहे हैं कि तीस सितम्बर को इसकी स्थिति सामने आएगी। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने सभी कलेक्टरों को लिखे पत्र में कहा है कि कक्षा 1 से 12 तक एडमिशन 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे। अब शिक्षा पोर्टल 3.0 की समीक्षा से पता चला है कि अभी भी विद्यालयों में सत्र 2025-26 के टारगेट के अनुसार बच्चों का एडमिशन नहीं हो सका है।

# करुणाधाम में भक्ति भाव से मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम में भक्ति भाव से गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज ने 55 भक्तों को गुरु मंत्र दिया। आश्रम के शिष्य सेवकों द्वारा गुरुदेव का चरण पूजन और युवा सेवकों द्वारा भजन गायन किया। गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज ने त्वमेव माता च पिता त्वमेव का महत्व बताते हुए कहा कि संसार में माता और पिता ही प्रथम गुरु है। उनकी आज्ञा पालन ही गुरु की पूजा करने समान है। कार्यक्रम समापन में सभी भक्तों से गुरूदेव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलवाया और समाज सेवा के लिये प्रेरित किया।

# 10 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को 20 साल की जेल

भोपाल ■ निसं

राजधानी की जिला अदालत में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कुमुदिनी पटेल की कोर्ट ने साल 2020 में सौतेले पिता द्वारा 10 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटना में आरोपी सौतेले पिता को 20 साल की सजा सुनाई है। घटना के समय पीड़िता चौथी कक्षा में पढ़ती थी। उसके भविष्य को देखते हुए कोर्ट ने पीड़िता को 4 लाख रुपए की प्रतिकार राशि भी दिलाई है। इस मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर ने पैरवी की है। जानकारी के अनुसार पीड़िता किशोरी की मॉ को उसका पहला पति छोड़कर चला गया था। इसके बाद सहारे और अपनी मासूम पीड़िता बेटी के अच्छे भविष्य के लिए पीड़िता की मां ने दूसरी शादी की थी।



मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की मॉ गढ़कोटा सागर की मूल निवासी है। पहले पति से उसका तलाक हो चुका था, जिससे महिला की एक लड़की है, जो उस सयम 10 साल की थी, ओर निजी स्कूल से चौथी कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। महिला ने पुलिस को बताया था की भोपाल की पंचवटी कॉलोनी में रहने वाले हल्के चौधरी से महिला ने दूसरा विवाह किया था। घटना के समय महिला आरोपी की पंचवटी कॉलोनी में स्थित झुग्गी में उसके साथ रह रही थी। आरोपी हल्के चौधरी मजदूरी का काम करता है। वहीं महिला बंगलो में साफ-सफाई का काम करने जाती है। वह रोजाना दिन के 12 बजे काम पर चली जाती थी और शाम 5 बजे आती थी। उस समय लॉकडाउन लगा होने के चलते उसका सौतेला पिता घर पर ही रहता था। 6 मई 2020 पीड़िता की मॉ अपने काम पर गई थी, तब अकेलेपन का फायदा उठाकर आरोपी सौतेले पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे और उसकी मॉ को जहर देकर मार डालने की धमकी देता था। उसकी धमकी के डर से पीड़िता चुप रही तब आरोपी उसे मारने की धमकी देकर कई बार अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। परेशान होकर किशोरी ने मॉ को आरोपी सौतेले पिता की करतूत बताई।

### बिजली उपभोक्ता सायबर जालसाजों से सावधान रहें

# बिजली बिल का भुगतान बिजली कंपनी के अधिकृत गेटवे अथवा बिजली कंपनी के कैश काउण्टर पर करें

भोपाल ■ निसं

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर, आईसेक्ट कियोस्क पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के केशलेश भुगतान हेतु कंपनी के पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि कंपनी अंतर्गत विद्युत देयकों के भुगतान के लिए उपभोक्ता पहचान नंबर यानि आईवीआरएस नंबर की जरूरत होती है। आईवीआरएस नंबर के आधार पर ही जोन, वितरण केन्द्रों या अन्य गेटवे एमपी ऑनलाइन, पेटीएम, फोन पे, गूगल पे. अमेजन पे, व्हाट्सएप पे आदि पर बिजली बिलों का भुगतान होता है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी मोबाइल नंबर से आए फोन के आधार पर किसी भी मोबाइल नंबर पर देयकों की राशि अंतरित न करें। साथ ही अपना पिन नंबर भी किसी के साथ साझा न करें।

कंपनी के संज्ञान में आया है कि सायबर जालसाजों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज अथवा आई.व्ही.आर. तकनीक से फोन कॉल पर नंबर दबाने हेतु कहा जाता है जिसमें बिल भुगतान कराने हेतु भय बनाकर कि आपकी बिजली कुछ घंटों बाद काट दी जाएगी।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तय किया टारगेट

# 16 जिलों में 2027 तक लगाए जाएंगे 20 लाख स्मार्ट मीटर

भोपाल ■ निसं



मप्र में बिजली कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने टारगेट तय किया है कि प्रथम चरण में कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में पहले चरण में 20 लाख स्मार्ट मीटर लगाएगी। यह काम अप्रैल 2027 तक पूरा करने का टारगेट निजी कंपनियों को दिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में यह काम देरी से शुरू हुआ था। इससे कंपनी फिलहाल स्मार्ट मीटर लगाए जाने के काम में पिछड़ी हुई है। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र वाले 16 जिलों में अब तक 3 लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दी निजी कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम सौंपा है। एक कंपनी का काम इसी साल पूरा हो जाएगा। दूसरी कंपनी 2027 तक प्रदेश के 16 जिलों में स्मार्ट मीटर लगाएगी। लगाए जा रहे इन स्मार्ट मीटर का दस साल तक मेंटेनेंस भी होगा, जिसका खर्च बिजली कंपनी उठाएगी। बिजली चोरी रोकने और बिजली व्यवस्था को मजबूत करने प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। पश्चिम क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम दो साल पहले शुरू कर दिवा है। इससे इनके कार्यक्षेत्र में ज्यादातर उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

### 15 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए

प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था को सुधारने, राजस्व बढ़ाने और बिजली चोरी व लाइन लॉस को कम करने इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अंडर ग्राउंड केबल बिछाई जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेशभर में अब तक 15 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 7 लाख से अधिक, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी 3 लाख 50 हजार और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी कुल 5 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर अब तक लगाए जा चुके है। दावा किया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और बिजली के मेंटेनेंस की समस्या नहीं होगी। बिजली उपभोक्ताओं को हर 15 मिनट बिजली खपत की रिपोर्ट भी मोबाइल पर मिल जाएगी। स्मार्ट मीटर को मोबाइल की तरह रिचार्ज किया जा सकता है।

### 40 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे

प्रदेशभर में 40 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। पहले चरण में 20 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। दूसरे चरण में 20 लाख स्मार्ट मीटर और लगाए जाएंगे। भोपाल में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 6 लाख है। इनमें से 5 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। कंपनी के कार्यक्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का काम निजी कंपनियों को दिया है। ये कंपनियां अगले दस साल तक स्मार्ट मीटर का मेंटेनेस भी करेंगी। मेटेनेस की राशि भी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ही देगी। जानकारी के मुताबिक करीष 70 रुपए महीना स्मार्ट मीटर के मेंटेनेंस का खर्च आएगा। स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। नए टैरिफ आर्डर के अनुखर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अब खपत के आधार पर दिन के टैरिक में 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है।

### चेन पुलिंग पर लगाम, सुरक्षा पर फोकस- रेलवे का सख्त संदेश

# रेल ट्रैक पार न करें, चलती ट्रेन में न चढ़ें: आरपीएफ ने स्टेशन पर दिया स्पष्ट संदेश

भोपाल ■ निसं



वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री प्रशांत यादव के निर्देशानुसार आउट पोस्ट नर्मदापुरम अंतर्गत यात्री जागरूकता अभियान का आयोजन स्टेशन परिसर एवं समीपवर्ती क्षेत्र में किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत उप निरीक्षक श्री संतोष पटेल मय स्टाफ द्वारा रानी कमलापति पोस्ट के निर्देश में नर्मदापुरम स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 एवं 02, आरक्षित टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय एवं सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों को रेलवे से संबंधित सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लगभग 40 से अधिक यात्रियों से सीधा संवाद कर उन्हें विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। यात्रियों को विशेष रूप से यह समझाया गया कि बिना कारण चेन पुलिंग (ष्टक्क) न करें, क्योंकि यह एक दंडनीय अपराध है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों को बताया गया कि वे अपने सामान की सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करें, मोबाइल चार्जिंग के दौरान सतर्क रहें तथा अनजान व्यक्ति से कोई खाद्य सामग्री ग्रहण न करें।

अभियान के दौरान यह भी समझाया गया कि रेलवे ट्रैक पार करना खतरनाक एवं कानूनन वर्जित है - यात्रियों को निर्धारित पैदल पुल अथवा अंडरपास का प्रयोग करना चाहिए। महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति सजग किया गया तथा ट्रेनों में यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ ले जाने पर प्रतिबंध की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में स्टेशन से लगे आसपास की बस्ती में जाकर बच्चों एवं युवाओं को ट्रेनों में पत्थरबाज़ी जैसे कृत्य से दूर रहने की अपील की गई। यह भी बताया गया कि ऐसा करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि दूसरों की जान-माल की सुरक्षा के लिए खतरा भी उत्पन्न करता है। इस जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य यात्रियों में सुरक्षा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है ताकि रेलवे परिसरों और ट्रेनों में यात्रा को अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाया जा सके।

# तीन हजार रुपये उधार नहीं दिए तो दोस्तों ने कर दी कबाड़ी की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन ■ निसं**

उज्जैन महाकाल थाना क्षेत्र स्थित कार्तिक मेले के समीप कालिदास उद्यान में 45 वर्षीय कबाड़ी की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने महज दो-तीन हजार रुपये के उधार के लिए वारदात को अंजाम दिया।

टीआई गगन बादल ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि कालिदास उद्यान में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है और उसका शव बगीचे में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर शव मिला, जिसकी सिर पर पत्थर मारकर हत्या की गई थी। मौके पर भीड़ जुट गई थी, इसी दौरान मुकेश पुत्र चिमनलाल वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त अपने भाई राजा पुत्र चिमनलाल (45), निवासी मदीना नगर, जूना सोमवारीया के रूप में की। मुकेश ने बताया कि राजा कबाड़ी का काम करता था, उसके एक बेटी स्वाति और दो बेटे नवीन और पीयूष हैं।

**10 मिनट में आने का कहकर गए थे:** मुकेश के अनुसार, तीनों भाइयों के परिवार तीन मंजिला एक ही मकान में रहते हैं। सुबह राजा के बेटे नवीन ने बताया कि उसके पिता बुधवार रात को 10 मिनट में आता हूं कहकर गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इसके बाद मुकेश ने उनकी तलाश शुरू की और रास्ते में एक परिचित से पता चला कि राजा का शव कालिदास उद्यान में पड़ा है। मुकेश घटनास्थल पर पहुंचा, जहां पहले से पुलिस मौजूद थी।

### दोस्तों ने ही की हत्या

पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक सबूतों और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच को आगे बढ़ाया। पता चला कि बुधवार शाम राजा अपने दोस्तों अमन और अज़ीमुद्दीन के साथ था। तीनों कालिदास उद्यान पहुंचे थे, जहां अमन ने राजा से दो-तीन हजार रुपये उधार मांगे। राजा ने मना किया तो दोनों ने विवाद किया और गुस्से में पहले उसके सिर पर गमले से हमला किया।

# बारिश फिर बनी आफत, पानी में डूबा सोजना गांव का अस्पताल, टाइगर रिजर्व से बहने वाली नदी भी उफनी

**दमोह ■ निसं**



दमोह जिले में शुक्रवार को एक बार फिर बारिश का विकराल रूप देखने को मिला है, जिससे पटेरा ब्लॉक के सोजना गांव का स्वास्थ्य केंद्र पानी में डूब गया। गनीमत यह रही कि जिस समय अस्पताल पानी में डूबा, उस समय वहां मरीज मौजूद नहीं थे। वहीं, दूसरी ओर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली नदी उफान पर आ गई, जिससे सर्रा और सरसैला का मार्ग बंद हो गया। इसके अलावा भी अन्य स्थानों पर बारिश में पुल डूब गए। शुक्रवार को हुई बारिश शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में काफी अधिक हुई, जिससे पुल-पुलिया पानी में डूबे नजर आए।

**गांव में बाढ़ जैसे हालात:** शुक्रवार दोपहर पटेरा ब्लॉक में काफी अधिक बारिश हुई, जिससे यहां बाढ़ जैसे हालात दिखाई दिए। सोजना गांव में बना सरकारी अस्पताल पानी में डूबा नजर आया। यहां पानी इतनी रफ्तार से बह रहा था, जैसे गांव में ही कोई नदी उफान पर आ गई हो। हालांकि, जिस समय यहां पानी भरा, उस समय अस्पताल में मरीज नहीं थे।

**तेंदूखेड़ा-तारादेही मार्ग बंद:** तेंदूखेड़ा ब्लॉक के जेतगढ़ के समीप बहने वाला नाला उफान पर आ गया, जिससे तारादेही मार्ग बंद हो गया। दोनों ओर लोग पुल पर फंसे दिखाई दिए। स्वास्थ्यकर्मी तारादेही में वैक्सीन लेकर रवाना हुए, लेकिन वे अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाए।

**कई गांवों का टूटा संपर्क:** शुक्रवार को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के कई गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क टूटा रहा। तारादेही का तेंदूखेड़ा से और तारादेही का सरस्वगली से संपर्क टूट गया, क्योंकि यहां भी पुल उफान पर रहा। इसी तरह वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बहने वाली बाली बमनेर नदी उफान पर रही, जिससे सर्रा और सरसैला का संपर्क पूरे दिन टूटा रहा। सुबह से झलोन-तेजगढ़ मार्ग बंद था, क्योंकि गोहची के समीप का पुल उफान पर रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी में बहे बुजुर्ग का तीसरे दिन व्यारमा नदी में मिला शव

**दमोह।** दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के देवडोंगरा गांव निवासी एक वृद्ध बुधवार को अपनी भैंसों को लेकर नाले के किनारे गया था, जहां वह पानी के तेज बहाव में बह गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद रात में एसडीआरएफ टीम को भी सूचित किया गया। दमोह से पहुंची एसडीआरएफ टीम ने लगातार वृद्ध की खोज की, करीब 30 किलोमीटर दूर व्यारमा नदी में सर्चिंग की गई। शुक्रवार दोपहर वृद्ध का शव झाड़ियों में फंसा मिला, जिसे बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर प्राची दुबे ने बताया कि परिजनों के अनुसार, देवडोंगरा गांव निवासी 60 वर्षीय कनई यादव बुधवार दोपहर अपनी भैंसों को चराने पहरेवा नाले की ओर ले गया था। इस दौरान वह नाले में उतरा और पानी के तेज बहाव में बह गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को दी।

### युवक पर जानलेवा हमला, जमीन विवाद को लेकर चले लाठी

**शहडोल।** शहडोल के कनाडी कला गांव में पेट्रोल पंप का निर्माण करा रहे युवक पर हमलावरों ने लाठी-डंडों और टंगी से हमला किया गया। यह हमला जमीन विवाद के चलते किया गया, इस दौरान हमलावरों ने लूट भी की। मप्र के शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कनाडी कला गांव में एक युवक पर जानलेवा हमला का मामला सामने आया है। पीड़ित कपिलदेव गुप्ता अपनी पट्टे की वैध भूमि पर पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य करवा रहे थे, इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार हमला करने वालों में गांव के हनुमा कोल, विष्णु कोल और लालबाबू कोल शामिल हैं। तीनों ने उस पर लाठी, डंडों और टांगी से हमला किया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित कपिल के सिर, नाक और कंधे पर गहरी चोटें आई हैं। कपिल गुप्ता ने बताया, मैंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन आरोपी मुझ पर तब तक हमला करते रहे जब तक वह वहां से निकल नहीं गया।

### हनी ट्रेप मामले में पूर्व सीएम कमल नाथ को क्लीनचिट

**इंदौर।** हनी ट्रेप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ को हाईकोर्ट से क्लीनचिट मिल गई। 2023 में दायर इस याचिका पर गुरुवार (10 जुलाई) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने उनके खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डबल बेंच उनके पास भाजपा नेताओं की पैन ड्राइव होने के बयान के सबूत नहीं होने के चलते ये याचिका खारिज की है। यह जनहित याचिका दायर एडवोकेट भूपेंद्र सिंह ने 2023 में दायर की थी। इसमें पूर्व सीएम कमल नाथ पर आरोप था कि उन्होंने बयान दिया था कि उन्होंने हनी ट्रेप की वीडियो देखी है और उनके पास भाजपा नेताओं की पैन ड्राइव मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने इस मामले की एजेंसी एसआईटी को नहीं सौंपी थी। उनके पास सबूत हैं लेकिन वे सच्चाई को छिपा रहे हैं।

## रजिस्ट्रार शर्मा के खिलाफ शिकायत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

# रजिस्ट्री की सर्टिफाइड कॉपी के नाम पर मांगे 10 लाख

**इंदौर ■ निसं**



इंदौर में 13 करोड़ से ज्यादा की स्टाम्प ड्यूटी चोरी का मामला सामने आने के बाद भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित ने रजिस्ट्रार की नामजद शिकायत करते हुए 10 लाख रुपए मांगने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता अंकित पिता सुरेंद्र यादव ने कलेक्टर से इस मामले की शिकायत की है। शर्मा के खिलाफ अब तक चार शिकायतें मिल चुकी हैं।

अंकित यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे पिता के निधन के बाद कुछ लोगों ने षड्यंत्रपूर्वक दो प्लॉट उनसे खरीदना बता दिए। मैंने इस मामले की शिकायत बाणगंगा थाने में की। संतोष पिता तुकाराम गावड़े की पत्नी सरस्वती गावड़े ने मेरे प्लॉट की रजिस्ट्री दूसरे लोगों को कर दी।

मैंने जब दो प्लॉट की सर्टिफाइड कॉपी के लिए इंदौर-1 के रजिस्ट्रार ऑफिस में शिकायत की तो एक महीने तक मुझे कोई जवाब नहीं दिया गया। मैं जब रजिस्ट्रार कार्यालय गया तो मुझे वहां के बाबू प्रदीप निगम ने रजिस्ट्रार दीपक शर्मा से मिलने को कहा। दीपक शर्मा से मिलने पर उन्होंने बताया कि आपके प्रकरण की जांच चल रही है।

मैंने पूछा किस बात की जांच तो रजिस्ट्रार दीपक शर्मा ने कहा कि जांच के दौरान सर्टिफाइड कॉपी नहीं दी जा सकती। फिर मुझे दो-तीन दिन बाद आने को कहा गया। तब मुझे शर्मा ने कैलकुलेटर में 10 लाख रुपए लिखकर दिए और कहा कि इतना पैसा दे दोगे तो अगले ही दिन सर्टिफाइड कॉपी मिल जाएगी।

जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक शर्मा के बारे में कलेक्टर आशीष सिंह से कुछ लोगों ने शिकायत की थी। कलेक्टर ने इसकी जांच मुझे सौंपी है। नायडू ने कहा कि जांच शुरू कर दी है। इसके तहत रिकॉर्ड रूम से तथ्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपेंगे।

जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि अब तक चार शिकायतें और मिली हैं। पीड़ितों ने शर्मा के द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत की है। हम इन सभी को क्लब करके जांच करेंगे। इतना ही नहीं जिन लोगों के पास शिकायतें हैं, वे भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला पंजीयक अमरेश नायडू ने बताया कि अब तक चार शिकायतें और मिली हैं। पीड़ितों ने शर्मा के द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत की है। हम इन सभी को क्लब करके जांच करेंगे। इतना ही नहीं जिन लोगों के पास शिकायतें हैं, वे भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 17 जून को शर्मा का देवास ट्रांसफर, इसके बाद आईं शिकायतें

रजिस्ट्रार दीपक शर्मा का इंदौर से 17 जून को देवास ट्रांसफर हो चुका है। उनके खिलाफ ट्रांसफर के बाद ही शिकायतें आई हैं। इन शिकायतों में सबसे पहले अंकित यादव, राहुल चौहान, अमित सिंह ठाकुर, शिकायतें कर चुके हैं। नायडू का कहना है कि यदि हमें और भी शिकायतें मिलती हैं तो हम सभी की एक साथ जांच करेंगे।

# बस स्टैंड क्षेत्र में गंदगी और अतिक्रमण पर नगर पालिका की कार्रवाई, जुर्माना और हटाए गए अतिक्रमण



**सिवनी मालवा ■ निसं**

नगर पालिका ने बस स्टैंड क्षेत्र में गंदगी और अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की। नगर पालिका को एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें बस स्टैंड परिसर में गंदगी की स्थिति और अव्यवस्था की जानकारी दी गई थी।

शिकायत के आधार पर नगर पालिका की टीम ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व में स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई।

इसी अभियान के तहत बस स्टैंड क्षेत्र की कई दुकानों के अतिक्रमण को भी हटाया गया। नगर पालिका ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी व अतिक्रमण से बचें।

## 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत में

# आपसी सहमति से होगा प्रकरणों का निराकरण

**खंडवा ■ निसं**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 13 सितम्बर शनिवार को न्यायालय में लंबित राजीनामा योगय प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय खंडवा के साथ साथ हरसूद एवं पुनासा में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, व्यवहारिक (सिविल प्रकरण) धारा 138 एन.आई एक्ट प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, समझौता योग्य श्रम प्रकरण विद्युत चोरी के प्रकरण का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिक, बी0एस0एन0एल0 आदि के पूर्व वाद प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा। पूर्व वाद प्रकरणों में विद्युत विभाग, जलकर तथा संपत्ति कर के प्रकरणों में लोक अदालत के दिन निराकरण होने पर विभाग द्वारा नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती जैन ने नागरिकों से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का आपसी सुलह व समझौते के आधार पर निराकरण करवा कर शीघ्र व सुलभ न्याय प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा व तहसील विधिक सेवा समिति हरसूद एवं तहसील न्यायालय पुनासा में संपर्क कर सकते हैं।

# कुसुम महाविद्यालय में युवा कौशल संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**सिवनी मालवा ■ निसं**



नगर के शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुक्रवार के दिन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में युवा कौशल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में द्य प्रभारी प्राचार्य डॉ.ए के यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को हमेशा यह याद रखना चाहिए कि वे अभी भी बहुत कुछ सीख रहे हैं, उनकी महत्वाकांक्षाएं उनकी क्षमताओं से कहीं अधिक हो सकती हैं, और उन्हें अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए और छोटों और साथियों के साथ विनम्रता से पेश आना चाहिए. इसके अतिरिक्त, उन्हें निरंतर सीखते रहने, अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय रूप से योगदान करने की आवश्यकता है।

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. नवनीत कुमार सोनारे ने बताया कि समाज में युवाओं का योगदान कैसा होना चाहिए देश का भविष्य और उन्नति युवा पीढ़ी पर निर्भर करती है 7 युवा पीढ़ी और देश का भविष्य एक दूसरे पर निर्भर करता है7 किसी भी देश में अगर युवाओं की संख्या ज्यादा है तो उस देश का विकास भी तेजी से होता है क्योंकि युवा पीढ़ी ही देश का विकास कर सकती हैं7 युवा नई सोच और सकारात्मक सोच के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान कर सकते है युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं. युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं. उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं. समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है द्य कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुनील कुमार सोनी ने युवा कौशल के बारे बताया कि युवाओं में वो क्षमताएं और दक्षताएँ विकसित करना जो उन्हें आज की बदलती दुनिया में सफल होने और समाज में योगदान करने में मदद करें। ताकि वे बेहतर रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक-आर्थिक अवसरों का लाभ उठा सकें। यह विकास युवाओं को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाता है।

### हिस्ट्रीशीटर रज्जाक के बेटे-भाई सहित चार गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर पुलिस ने गुरुवार रात सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व स्थित ओलिव रिसॉर्ट में छापामार कार्रवाई कर कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के गैंग के चार फरार सदस्यों को गिरफ्तार किया। ये सभी एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। शुक्रवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस चार दिन की रिमांड की मांग करेगी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रज्जाक का बेटा सरफराज, भाई मोहम्मद मेहमूद, भतीजा अजहर और साथी सज्जाद शामिल हैं। सभी के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और जबलपुर पुलिस ने इन पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने इनके पास से दो लग्जरी कारें, एक लोडेड पिस्टल और 50 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। अब्दुल रज्जाक इस समय जबलपुर जेल में बंद है। उसके रिश्तेदार, जो ओमती क्षेत्र में चश्मे का व्यापार करते हैं।

# जून माह में पश्चिम मध्य रेलवे को टिकट चैकिंग से 15 करोड़ 93 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ

**जबलपुर ■ निसं**

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के जून 2025 में कुल 2 लाख 14 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 15 करोड़ 93 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 13 करोड़ 14 लाख रूपये की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 15 करोड़ 81 लाख को भी पार किया है। अप्रैल 2025 में कुल 1 लाख 48 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 10 करोड़ 30 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया। मई 2025 में कुल 1 लाख 96 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 14 करोड़ 49 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया।

**चालू वित्तीय वर्ष के जून माह में मुख्यालय एवं मंडलों स्तर पर परफॉरमेंस इस प्रकार है-** मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 4 हजार प्रकरण से रेलवे ने 28 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 22 लाख रूपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है।


जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 1 लाख 6 हजार प्रकरण से रेलवे ने 8 करोड़ 41 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 6 करोड़ 6 लाख रूपये की तुलना में 39 प्रतिशत अधिक है।

भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकक़ ककककर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 67 हजार प्रकरण से रेलवे ने 4 करोड़ 53 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 4 करोड़ 44 लाख रूपये की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है।।

कोटा मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 37 हजार प्रकरण से रेलवे ने 2 करोड़ 71 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 2 करोड़ 43 लाख रूपये की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के समनव्य से पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने के उद्धेश्य से ट्रेनों में टिकट चैकिंग अभियान आगे भी चलाये जाते रहेंगे।

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं चार हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित

**सिवनी मालवा ■ निसं**



जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ पत्नी की तरह रखकर बार बार बलात्कार के मामले मे आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारवास ओर चार हजार रुपये से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने की।

घटना का संक्षिप्त विवरण जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमति तबस्सुम खान ने 11.07.2025 को नाबालिक के दुष्कर्म के अपराध में धारा 366, 376 (2एन) भादवि, 5 (एम), 6 पॉक्सों में आरोपी सुजीत यदुवंशी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं चार हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया एवं पीडिता को 20 हजार रूपये की प्रतिकर राशि की अनुशंसा की गई। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी मनोज जाट ने बताया कि फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अक्टूबर .2020 के सुबह 7 बजे नाबालिग की माँ ने फोन करके बताया कि सुबह 6 बजे नाबालिग घर पर नहीं दिखी। मैंने घर व गांव में देखा वह नहीं थी। नाबालिग की तलाश गांव में तथा रिश्तेदारी में की। परंतु पीड़िता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली । नाबालिक की तलाश के दौरान जानकारी मिली कि सिवनी मालवा में रहने वाला सुजीत यदुवंशी नाबालिक को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ कहीं ले गया है।

नाबालिग के दस्तायाब होने पर उसने बताया कि आरोपी सुजीत यदुवंशी उम्र-23 वर्ष, के द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर 5 महीनों तक साथ में पत्नि की तरह रखकर बार बार शारीरिक संबंध (बलात्कार करना) बताया। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा 13 साक्षी परीक्षित कराये गये सभी ने घटना का समर्थन किया।

## अनमोल वचन

हम अपने माता-पिता नहीं चुन सकते, परंतु हम माता पिता का चयन होते हैं। - **अज्ञात**

माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन जैसा दूसरा धर्म कोई भी नहीं है। - **महर्षि वाल्मीकि**

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को मानेगा चुनाव आयोग?

बिहार में मतदाता सूची की गहन समीक्षा को लेकर कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गईं थीं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई हुई, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जायमाल्या की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के पश्चात चुनाव आयोग को सुझाव दिया, कि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मान्यता दें। सुप्रीम कोर्ट में लगभग साढ़े 3 घंटे बहस चली। दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसको ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट की गहन समीक्षा करने पर कोई रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव के रूप में कहा है, चुनाव आयोग बिहार मतदाता सूची की गहन समीक्षा पर, आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी शामिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को मामले की फिर सुनवाई करने की तारीख नियत की है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं उसको लेकर तरह-तरह की आशंकायें व्यक्त की जा रही हैं। राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट जब भी इस तरह के सुझाव देती है सरकार और चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के सुझाव और आदेशों को नहीं मानता है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह से याचिकाओं का निपटारा किया था। जो आदेश और सुझाव दिये, उसे सरकार ने नहीं माना। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नजर अंदाज कर दिया। मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की। सुप्रीम कोर्ट में अभी भी याचिका लंबित है, जिस पर सुनवाई होनी है। सरकार द्वारा जिस मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की गई। उसके बाद से ही चुनाव आयुक्तों की भूमिका सरकार परस्त होकर रह गई है। विपक्षी दलों द्वारा लगातार चुनाव आयोग के निर्णय और कार्यवाही का विरोध जताया जा रहा है। सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए जो कानून बनाया उसमें 2014 के बाद के किसी भी चुनाव आयुक्त के ऊपर कोई भी अपराधिक मुकदमा दायर नहीं हो सकता है। जब से यह प्रावधान कानून में किया गया है, उसके बाद से चुनाव आयोग के ऊपर सरकार के इशारे पर काम करने के आरोप लग रहे हैं। चुनाव आयुक्त को अब कोई डर और भय नहीं रहा, जिसके कारण चुनाव आयोग विपक्षी दलों की शिकायतों और उनके द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दे रहे हैं। चुनाव आयुक्त के ऊपर अब कोई जिम्मेदारी या कानूनी कार्रवाई तय नहीं हो सकती है। जिसके कारण चुनाव आयुक्त सरकार के ऊपर पूरी तरह से निर्भर हो गए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका से एक तरह से सत्ता पक्ष के राजनीतिक दल को फायदा मिला है। सरकार ने चुनाव आयोग के लिए समय-समय पर नियमों में बदलाव किए हैं। चुनाव आयोग अब कोई भी डेटा विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं करा रहा है। चुनाव के दौरान की गई शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। चुनाव का रिकॉर्ड रखने की 45 दिन की समय सीमा तय कर दी है। ऐसे नियमों से राजनीतिक दलों को जो जानकारी प्रमाण के रूप में चहिए होती है, वह नहीं मिल रही है। इस कारण वो चुनावी गड़बड़ियों को लेकर अपनी लड़ाई न्यायालय में नहीं लड़ पा रहे हैं। चुनाव और मतदान के समय मतदान केंद्र के बाहर की वीडियो ग्राफी भी विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसको लेकर चुनाव आयोग के ऊपर अविश्वास बढ़ता चला जा रहा है। चुनाव आयोग को लेकर आम जनता और राजनीतिक दलों को अब वह विश्वास नहीं रहा जो चुनाव आयोग की निष्पक्ष भूमिका के लिए होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश के स्थान पर चुनाव आयोग को सुझाव दिया है। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को चुनाव आयोग मानेगा या नहीं, यह चुनाव आयुक्तों के ऊपर निर्भर करेगा। चुनाव आयोग की किसी भी कार्यवाही पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। ना ही सुप्रीम कोर्ट ने कोई स्पष्ट आदेश दिए हैं। ऐसी स्थिति में बिहार में चुनाव प्रक्रिया एक बार शुरू हो गई उसके बाद सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करने से इनकार कर सकती है। ऐसा पहले भी हो चुका है। इस बात को लेकर राजनीतिक दलों में संशय और आशंका देखने को मिल रही है। यह आमधारणा बनती चली जा रही है कि न्यायपालिका पर सरकारी दवाब है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से सरकार के खिलाफ आदेश देने में जज डरने लगे हैं। ऐसी स्थिति में मामलों को टाल दिया जाता है। जिसके कारण अब राजनीतिक दल भी आक्रामक होते चले जा रहे हैं। चुनाव आयोग के खिलाफ जो अविश्वास देखने को मिल रहा है, उसे देखते हुए राजनीतिक दलों ने जन आंदोलन की शुरुआत करके नई रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। लोकतंत्र बचाने के लिए अब राजनीतिक दल और जनता सड़कों पर आने लगी है। बिहार से यह शुरुआत हो गई है। चुनाव आयोग ने यदि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को आधार नहीं माना। मतदाता सूची के परीक्षण कार्य में निष्पक्ष भूमिका और विपक्षी दलों को विश्वास में नहीं लिया। तो इसकी परणति एक जन आंदोलन के रूप में हो सकती है। बांग्लादेश में शेख हसीना के चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने एकतरफा चुनाव कराया था। विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। शेख हसीना की पार्टी को चुनाव में वहां के चुनाव आयुक्त ने भारी बहुमत से जितवा दिया था। उसके बाद एक जन-आंदोलन खड़ा हुआ। शेख हसीना को जान बचाने के लिए बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। वह भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश के चुनाव आयुक्त को वहां की जनता ने सड़क पर घसीट कर मारा पीटा। अब उनके खिलाफ बांग्लादेश में मुकदमा चल रहा है। भारत में पिछले 75 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव को लेकर आम नागरिकों में हमेशा भरोसा रहा है। यदि यह भरोसा नहीं रहेगा, तो आगे चलकर कुछ भी हो सकता है।

## चिंतन-मनन

# अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे।

एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं।

बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



ललित गर्ग

> सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं।

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

# धर्मांतरण का धंधा: विदेशी फंडिंग और सामाजिक विघटन का षड्यंत्र



सत्यवान सौरभ

> धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग धंधे में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से छांगरू बाबा उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था। जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था - जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया।

उत्तर प्रदेश में एटीएस ने एक बड़े धर्मांतरण रैकेट का खुलासा किया है, जिसमें विदेशी फंडिंग के जरिए करीब 100 करोड़ रुपये 40 खातों में भेजे गए। मुख्य आरोपी 'छांगरू बाबा' उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह ऊंची जाति की लड़कियों के लिए 15-16 लाख रुपये की दर से धर्मांतरण कराता था। यह मामला केवल आस्था नहीं, बल्कि एक सुनियोजित सामाजिक षड्यंत्र है जो जाति, धर्म और लिंग के आधार पर राष्ट्र की एकता को तोड़ने का प्रयास करता है। इसे धार्मिक स्वतंत्रता नहीं, संगठित अपराध के रूप में देखा जाना चाहिए।

धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग धंधे में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से छांगरू बाबा उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था।

जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था - जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया। एफआईआर और जांच रिपोर्ट के अनुसार, धर्मांतरण के लिए बाकायदा रेट कार्ड था। ऊंची जाति की लड़कियों के लिए धर्मांतरण की दर 15-16 लाख रुपये तक थी, जबकि अन्य लड़कियों के लिए 8-10 लाख रुपये। सोचिए, जब धर्म को भी जाति और लिंग के आधार पर मूल्यांकित किया जाने लगे, तो वह किस स्तर तक गिरावट का प्रतीक बनता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस रैकेट के पास 40 बैंक खाते थे जिनमें विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भेजी गई। यह रकम किसके इशारे पर भेजी गई, किन उद्देश्यों के लिए, और किन देशों से - यह सवाल सिर्फ जांच एजेंसियों के नहीं, पूरे देश के हैं। क्या यह केवल धर्मांतरण के लिए था या इसके पीछे कोई और बड़ा वैश्विक, राजनीतिक या वैचारिक षड्यंत्र भी छिपा है?

इस रैकेट की कार्यशैली में सोशल मीडिया का जबरदस्त उपयोग किया गया। वीडियो, मोटिवेशनल भाषण, 'इस्लाम कबूल करने से मिली राहत' जैसे फर्जी वीडियो वायरल कर कमजोर तबकों को बरगलाया गया। पहले मानसिक रूप से प्रभावित किया गया, फिर आर्थिक लालच दिया गया और अंत में जबरन धर्मांतरण। यह साइकोलॉजिकल वॉरफेयर जैसा है - जहां पहले मस्तिष्क जीता जाता है, फिर शरीर। और सबसे दुखद यह कि इसे धर्म का नाम दिया गया।

इस प्रकरण में बलरामपुर जिले के एक पूरे परिवार के धर्मांतरण की पुष्टि हुई है। वहां महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर उन्हें धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया। यह कोई एक अपवाद नहीं, बल्कि उसी पैटर्न का हिस्सा है - जिसमें ग्रामीण, अशिक्षित और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को निशाना बनाया जाता है। यह सामाजिक असमानता का शोषण है। जब राज्य, समाज और प्रशासन इन परिवारों की रक्षा नहीं कर पाते, तो ऐसे गिरोह अपना मकड़जाल फैलाते हैं। इस रैकेट का सबसे खतरनाक पहलू था - जातिगत दर निर्धारण। ऊंची जाति की लड़कियों के धर्मांतरण के लिए अधिक पैसा दिया जाता था। इसका मतलब है कि धर्मांतरण सिर्फ धर्म का नहीं, जाति-सामाजिक संरचना को तोड़ने का औजार भी बन चुका है। यह न केवल हिंदू समाज को कमजोर करने की चाल है, बल्कि राष्ट्र को आंतरिक रूप से विखंडित करने की भी रणनीति है। इस मामले पर तथाकथित सेक्युलर बुद्धिजीवी वर्ग चुप है। वही वर्ग जो 'धर्मनिरपेक्षता' की दुहाई देता है, 'संविधान की आत्मा' की बात करता है, आज गूंगा बना बैठा है। क्यों? क्या धर्मांतरण को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मान लिया गया है? क्या किसी गरीब, दलित, महिला या आदिवासी का जबरन धर्म बदलवाना मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है? अगर किसी दलित के मंदिर में प्रवेश करने से किसी को आपत्ति है, तो उस पर शोर मचता है, लेकिन जब उसी दलित को पैसों से धर्म बदलवाया जाता है तो कोई नहीं बोलता। यह मौन स्वयं एक अपराध है। यह भी गौरतलब है कि ऐसे मामलों पर राजनीतिक दल अक्सर वोट बैंक की राजनीति के कारण खुलकर प्रतिक्रिया नहीं देते। अल्पसंख्यकों की 'संवेदनशीलता' के नाम पर ऐसे राष्ट्रघातक कृत्यों को नजरअंदाज किया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की अखंडता और सामाजिक समरसता वोट बैंक से भी छोटी हो गई है?

# प्रधान मंत्री मोदी ईमानदार हैं

बिहार वोटर लिस्ट- राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का विरोध, बिहार बंद में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन हुआ कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की इस रैली में महागठबंधन का हिस्सा नहीं बने और वाहन में बाहर कर फेंकना अच्छा नहीं है और एक तरफ मोदी जी नीतीश कुमार को अपनी माला में जगह देते हैं वोट आपका अधिकार है लेकिन जानिए संसार में अधिकांश लोग अपने-अपने स्वार्थों में फँसे हुए हैं तथा जहाँ भी किसी का कोई स्वार्थ टकराता है, वह आपकी व्यर्थ निन्दा शुरु कर देता है। मनुष्य किस-किस क्षेत्र में कहाँ तक हटे ? कभी-कभी संघर्ष करना जरूरी हो जाता है। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरता है और प्रभाव बढ़ता है। संघर्ष में साथी और विरोधी भी परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। जो



संजय गोस्वामी

कल विरोधी था, वह आज साथी हो सकता है और जो कल साथी था, वह आज विरोधी हो सकता है। केवल मित्रता स्थायी होती है, किंतु मित्र तो जीवन में एक-दो ही होते हैं। उदारताजन्य सद्भावना सबके लिए होनी चाहिए, यद्यपि मित्रता तो एक-दो से ही हो सकती है। उदारता अथवा सद्भावना का अर्थ तुष्टीकरण कदापि नहीं होता है। संघर्ष में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुँह देखना पड़ेगा; क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाये बिना न रह सकेंगे। संघर्ष में यह स्मरण रखना उचित है कि किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए तथा घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दण्ड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारु न हो जाएँ। ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानिय न खो बैठे तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें। धीरे-धीरे जब मनुष्य विचार-क्षेत्र में ऊँचे स्तर पर आ जाता है, तब वह जीवन में अधिक उदात्त होकर तथा अधिक ऊँची वस्तुओं में रुचि लेकर तुच्छ प्रकार के संघर्ष करना छोड़ देता है तथा अधिक उपयोगी दिशा में संघर्ष करना प्रारंभ कर देता है। यह पलायान नहीं, बुद्धिमता होती है, जीवन में स्वस्थ मोड़ होता है। इसे पलायन कहना भूल होती है। पलायन के मूल में भय होता है तथा मोड़ का कारण होता है-मन का ऊँचे धरातल पर पहुँचना। सन्त-वृत्ति अपनाने पर तथा आध्यात्मिक रुचि ग्रहण कर लेने पर, मनुष्य धन अथवा पद आदि के लिए लौकिक संघर्ष से अधिक-से-अधिक संभव सीमा तक दूर हटकर स्वाध्याय, ज्ञानार्जन, ध्यान के अभ्यास, प्रार्थना, परोपकार, सेवाकार्य आदि में जुट सकता है। यह रुचि परिष्कार कहलाता है। अरविंद घोष सहसा राजनीति से हटकर अध्यात्म में लग गये थे। पनी रुचियों को खोजकर उन्हें उचित दिशा देने से विशेष सुख मिलता है। यदि आपमें कलाकार, चित्रकार, वैज्ञानिक, विचारक, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता छिपा पड़ा हो, तो उसे जगायें। यश की इच्छा छोड़कर अपने व्यक्तित्व की गहरी माँगों को तन्मयता से पूरा करके उसका विकास करना मानो ईश्वर की योजना को पूरा करना है तथा प्रगाढ़ सुख की ओर बढ़ना है। दि ईमानदारी, सचाई और योग्यता होने पर भी उन्नति न मिले, तो उसे ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करें तथा ईमानदारी को न कोसने लगें। ईमानदारी का फल सदा मीठा ही होता है।

## खास बात

### के चंद्रशेखर राव के परिवार की कलह चरम पर

तेलंगाना मे के चंद्रशेखर राव के परिवार की कलह सड़कों पर देखने को मिल रही है। उनकी बेटी के कविता ने बगावत का बिगुल बजा दिया है। वह खुलकर राजनीति के मैदान में अपने पिता और भाई के विरोध में आकर खडी हो गई हैं। केसीआर अपना उत्तराधिकारी अपने बेटे केटी रामा राव को बनाना चाहते हैं। के कविता खुद को उत्तराधिकारी मानती हैं। 17 जुलाई को उन्होंने स्वतंत्र रूप से रेल रोको आंदोलन का ऐलान कर बगावत का बिगुल दिया है। 17 जुलाई को एक भी ट्रेन तेलंगाना से दिल्ली के लिए रवाना नहीं होगी। उन्होंने यह आंदोलन आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए शुरू किया है। इसके बाद से केसी आर परिवार की कलह खुलकर सामने आ गई है।

### पश्चिम बंगाल की कमान भाजपा के खाटी नेता को

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनाव रणनीति को बदल दिया है। दल बदलुओं के स्थान पर अब भाजपा के खाटी नेताओं के ऊपर केंद्रीय नेतृत्व ने ध्यान केंद्रित किया है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर सामिक भट्टाचार्य की नियुक्ति की गई है। सुकांत मजूमदार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है ।पश्चिम बंगाल में अन्य पार्टियों से आए हुए नेताओं का भारी विरोध है। अन्य पार्टी से आए हुए नेता कभी भी पलटी मार सकते हैं इसको देखते हुए अब भाजपा के पुराने नेताओं के हाथ में कमान सोंपी जा रही है। ममता दीदी से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा पश्चिम बंगाल में अपनी रणनीति बदलने जा रही है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में इसका क्या असर होगा। इसका पता परिणाम आने के बाद लगेगा। पश्चिम बंगाल के भाजपा संगठन में परिवर्तन अभी से दिखने लगा है।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस 2 पाँटों के बीच फंसी

महाराष्ट्र राज्य में कांग्रेस दो पाटों के बीच में फंसी हुई है। उसे समझ नहीं आ रहा, करे तो क्या करे। राहुल गांधी ने गौतम अडानी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा कांग्रेस को महाराष्ट्र में उठाना पड़ रहा है। राक्रापा के शरद पवार की अडानी के साथ नजदीक्रियां हैं। वह कांग्रेस के रास्ते में कांटा बिछाने का काम करते हैं। वहीं इंडिया गठबंधन में भी बने हुए हैं। पवार कांग्रेस से दूरी बनाकर चल रहे हैं। अब महाराष्ट्र में हिंदी के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे हिंदी के विरोध में एक मंच पर आ गए हैं। हिंदी विरोध को लेकर कांग्रेस किस तरह से शिवसेना के साथ चलेगी? इसको लेकर एक नई चुनौती कांग्रेस को महाराष्ट्र में मिलना शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ रही है। वही महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिए चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस कितना भी प्रयास करे।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, तीज, शनिवासरे, आद्रा नक्षत्रे, विव योगे, तैतिल करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 19/26, वक्री शनि, त्रिपुस्कर योग, वाहन व्यापार क्रय विक्रय तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम तथा फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, धनी होगा।

**मेष राशि :** बेचैनी, उद्विघ्नता से बचें, सोचे कार्य समय पर होंगे, परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**वृष राशि :** चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, धन लाभ के योग बनेंगे ध्यान अवश्य दें।

**मिथुन राशि :** मित्रों के सहयोग से सफलता मिलेगी, कार्य को समय पर करने का प्रयास करें।

**कर्क राशि :** धन का व्यर्थ व्यय होगा, समय व शक्ति नष्ट होगी, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे।

**सिंह राशि :** भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, स्वास्थ्य नरम रहेगा तथा विरोधी वर्ग परेशान करने का प्रयास करेगा।

**कन्या राशि :** धन व समय नष्ट होगा, चिन्ता, क्लेश व अशांति का वातावरण रहेगा, यात्रा में कष्ट होगा

**तुला राशि :** परिश्रम से सफलता के कार्य अवश्य जुटायें, कार्य बाधा, अवरोध से बचें।

**वृश्चिक राशि :** चोटादि से बचिये, क्लेश व अशांति से बचें, व्यर्थ कार्यों में समय नष्ट होगा।

**धनु राशि :** भाग्य का सितारा साथ देगा, क्लेश, अशांति से बचने का प्रयास करें, समय नष्ट होगा।

**मकर राशि :** स्वास्थ्य नरम रहेगा, यात्रा के योग बनेंगे, चिन्ता से मानसिक अशांति रहेगी, धैर्य रखें।

**कुंभ राशि :** अकस्मिक घटनाओं से चोटादि का भय होगा, धन का व्यय होगा, कार्य सावधानी से करें।

**मीन राशि :** अधिकारियों से कष्ट, मित्र सहायक होंगे, व्यर्थ भ्रमण में समय नष्ट होगा, धन व्यय होगा।

## दैनिक पंचांग

**12 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.45 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 08.02 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.13 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.39 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.55 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.00 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.19 बजे से |
| **राहुकाल** | | मेष | 23.50 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | वृष | 01.30 बजे से |
| | | मिथुन | 03.28 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 193 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ़) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 06.36 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 19.32 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 14.01 बजे तदनन्तर गर 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 58' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872403 **जूलियन दिन** 2460868.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



**भोपाल ।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के द्वारा अमरनाथ यात्रा कराई जा रही है। इसके अंतर्गत आज ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के अध्यक्ष रिंकू भटेजा के नेतृत्व में 351 अमरनाथ यात्रियों का रवाना हुआ । अमरनाथ यात्रियों के जत्थे में भारी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल रहे।

# गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर केंद्रीय जेल जिला नर्मदापुरम में 450 कैदी भाइयों ने ली गुरु दीक्षा

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मां नर्मदा के तट पर स्थित नर्मदापुरम केंद्रीय जेल में 450 कैदी भाइयों द्वारा गुरु दीक्षा ली गई। कैदी भाइयों ने गुरु दीक्षा में दुष्प्रवृत्तियों को छोड़कर सत्प्रवृत्तियों को अपनाने का संकल्प लिया। केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में खण्ड अ में 190 बंदी भाइयों ने एवं खण्ड ब में 260 बंदी भाइयों ने गायत्री मंत्र की दीक्षा लेकर अपने जीवन को संवारने का संकल्प लिया।




पूर्व में दोनों जेलों में गायत्री परिवार द्वारा सतसाहित्य पुस्तकालय की स्थापना की गई थी जिसमें गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सत साहित्य की स्थापना की गई थी एवं बंदी भाइयों द्वारा मंत्र लेखन अभियान के अंतर्गत करोड़ मंत्रों के लेखन का कार्य किया जा चुका है। जेल अधीक्षक श्री संतोष सोलंकी ने बताया कि मैं जब जब भी जेल का भ्रमण करता हूं तब तब बंदी भाई यहां मंत्र लेखन करते हुए या स्वाध्याय करते हुए दिखते हैं।

इस प्रकार के गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे बंदी साधना अभियान से हमारे सैकड़ो बंदी भाई व बहने निरंतर शांतिपूर्वक साधना कर आपस में मिलजुल कर रहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है यह जेल परिसर ना होकर साधना स्थली के रूप में नजर आता है इसके लिए मैं गायत्री परिवार की पूरी टीम को हृदय से बधाई व धन्यवाद देता हूं। गायत्री परिवार द्वारा बंदी साधना अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र की 145 जेलों में हजारों बंदी भाइयों को मंत्र लेखन एवं गायत्री मंत्र साधना से जोड़कर उनके जीवन को परिवर्तित कर सन्मार्ग पर चलाने का कार्य किया जा रहा है। गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न राज्यों की 62 जेलों में सतसाहित्य पुस्तकालय की स्थापना की जा चुकी है जिससे हजारों बंदी भाई सतसाहित्य का स्वाध्याय कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं ।

## संक्षिप्त समाचार



### आम आदमी पार्टी ने एस पी से की एफ आई आर निरस्त कराने की मांग

**नर्मदापुरम।** आप जिला अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय ने कार्यकर्ताओं सहित जिले के एस पी से मुलाकात कर आर टी आई विंग के जिला अध्यक्ष सीताशरण पांडे के खिलाफ की गई एफ आई आर को निरस्त करने की मांग की एवं उचित वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है। आप लीगल विंग जिला अध्यक्ष प्रदीप मालवीय ने बताया कि हम और हमारी पार्टी सदैव जन हितेषी मुद्दों को उठाते रही है और हम उठाते रहेंगे। स्थानीय विधायक द्वारा द्वेष पूर्वक अपने पद का दुरुपयोग कर हमारे कार्यकर्ता पर एफ आई आर दर्ज कराई गई है। जिसके विरुद्ध में हम आज एस पी से मिले है और उन्हें पूरे प्रकरण से अवगत कराया है एवं न्याय उचित कार्यवाही कर एफ आई आर को निरस्त करने की मांग की गई है। पार्टी इस प्रकरण को लेकर माननीय न्यायालय की शरण में भी गई है।



### अमृत हरित अभियान एक पेड़ मां के नाम नगरपालिका परिसर में किया पौधरोपण

**नर्मदापुरम।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी नगरपालिका तेजगति से कार्य कर रही है। नपाध्यक्ष द्वारा जहां वार्डों में पौधरोपण किया जा रहा है, वहीं आज नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित अमृत हरित अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगरपालिका कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही पौधरोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि हम पर्यावरण संरक्षण के मामले में लगातार कर कार्य कर रहे हैं। वार्डों में अधिक से अधिक पौधरोपण किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि खाली पड़े समस्त स्थानों पर अधिक से अधिक पौध रोपण करें। पौधरोपण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले सहित नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा और अनेक पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की अतिवृष्टी एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा

# क्षतिग्रस्त सड़कों की नियमित रूप से मरम्मत करें संबंधित निर्माण विभाग : सोनिया मीना

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि को दृष्टीगत रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को चिन्हित कर एक सप्ताह में तोड़ने की कार्यवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने अब तक हुई कार्यवाहियों से असंतोष व्यक्त करते हुए सख्त रूप से निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह के अंदर शेष बचे हुए भवनों को भी चिन्हित करें। उन्होने कहा कि चिन्हित सभी जर्जर भवनों का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए कि कितने भवन पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं और तत्काल तोड़े जाने योग्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित अन्य शासकीय एवं अशासकीय जर्जर भवनों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्यवाई पूर्ण की जाए।



कलेक्टर ने पी.ओ. डूडा को निर्देशित किया कि नगर पालिका अमले के माध्यम से सभी अवैध व जर्जर संरचनाओं को डिस्मेंटल किया जाए एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थिति का निरंतर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के आपसी समन्वय की कमी से कार्यों में शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**सड़कों की मरम्मत और पुल-पुलियों पर निगरानी के निर्देश:** कलेक्टर ने जिले की सड़कों की मरम्मत नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल मरम्मतीकरण सुनिश्चित किया जाए। पीएमजीएसवाय को माखननगर क्षेत्र से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### बांध प्रबंधन एवं संभावित बाढ़ से सतर्क रहने के निर्देश

कलेक्टर ने ईई जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि नर्मदा नदी पर बने दोनों प्रमुख बांधों के संचालन विभागों से सतत संपर्क बनाए रखा जाए तथा नदी में छोड़े जाने वाले पानी का स्मार्ट प्रबंधन किया जाए ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके।

अतिवृष्टि के दौरान पुल-पुलियों पर पानी के ओवरफ्लो की स्थिति में आवागमन को रोकने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

**डेंगू-मलेरिया रोकथाम और बिजली आपूर्ति बहाल रखने के निर्देश:** कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए दवाइयों का छिड़काव करवाया जाए।

## माडल स्कूल में हुआ सामाजिक व गणित विज्ञान पाठ्य-पुस्तक का प्रशिक्षण



**माखननगर ■ निसं**

शिक्षकों की दक्षता में सतत विकास के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र माखन नगर द्वारा शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्या श्रीमती प्रीति झा के सहयोग से मिडिल स्कूल के सामाजिक विज्ञान व गणित विज्ञान के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ । सामाजिक विज्ञान के प्रशिक्षण का प्रथम बैच 7-8 जुलाई व द्वितीय बैच 9-10 जुलाई को संपन्न हुआ ।

प्रशिक्षण एम टी संतोष कुमार तिवारी माध्यमिक शिक्षक रजोन एवं अमित गौर जन शिक्षक सांगाखेड़ा कला द्वारा दिया गया । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 की संशोधित सामाजिक विज्ञान विषय के उद्देश्य के अनुरूप हुआ प्रशिक्षण के प्रथम बेच मैं 33 एवं द्वितीय बैच में 32 प्रतिभागियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया । इसके पूर्व गणित विषय का प्रशिक्षण एम टी अशोक यादव सीएसी आरी एवं रामचरण यादव माध्यमिक शिक्षक सेंदरवाडा द्वारा दिया गया। विज्ञान विषय का प्रशिक्षण एम टी श्रीमती रश्मि जायसवाल मा शि सांगाखेड़ा कला श्रीमती परमेश्वरी चौकीकर मां शि सांगा खेड़ा कला द्वारा दिया गया ।

प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर बीआरसी श्याम पटेल द्वारा प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए सभी शिक्षकों को अपने स्कूल में प्रशिक्षण में बताई गई प्रविधियो( पेडागॉजी) का पालन करते हुए पढ़ने के निर्देश दिए । बीएसी रामभरोस वामनिया एवं समस्त सीएसी का सहयोग मिला प्रोजेक्ट का संचालन दिनेश मालवीय द्वारा किया गया प्रशिक्षण के उपरांत एम टी संतोष कुमार तिवारी व अमित गौर का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक साथियों द्वारा सम्मान किया गया ।

# वन विभाग द्वारा सतकुंडा सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के आजू-बाजू में तार फेंसिंग की है

**बुदनी ■ निसं**

बारिश के मौसम में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ विंध्याचल श्रेणियां से बह रहे झरने पर्यटकों को बेहद आकर्षित करते हैं लेकिन बाहरी क्षेत्र से आने वाले दर्शक इन मनमोहक दृश्यों पीछे छिपे खतरे को नहीं पहचान पाते और दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से चेतावनी तथा ऐसे स्थानों को दर्शकों के लिए जाना प्रतिबंधित भी किया जाता है लेकिन फिर भी कई खतरों के खिलाड़ी बारिश के मौसम का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं हाल ही में वन विभाग द्वारा सतकुंडा सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के आजू-बाजू में तार फेंसिंग की है परंतुपर्यटक हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं तार फेंसिंग भी उन्हें नहीं रोक पा रही हैं ।



इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देने से दुर्घटनाएं भी घटित हो रहे हैं शुक्रवार दोपहर मंडीदीप जा रही युवती की स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कार में पीछे से जा टकराई जिससे युवती और उसकी मां बुरी तरह से घायल हो गई राहगीरों ने उन्हें उठाया वन विभाग की एसडीओ सुकृति ओसवाल ने शनिवार को वन हमले को ऐसे स्थानो पर तैनात किया था जहां भीड़ ज्यादा पहुंचती है लेकिन वन अमला दो दिनों तक यहां पर नजर आया उसके बाद मामला खत्म हो गया मंगलवार को एक युवक के पानी में बहने का वीडियो भी दिखाई दिया

### सोहागपुर थाने में नई प्रभारी नियुक्त उषा मरावी ने संभाला पदभार

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाने में नई प्रभारी उषा मरावी ने पदभार संभाल लिया है। इससे पहले कंचन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी थे, जिन्हें अब कोतवाली थाने की जिम्मेदारी दी गई है। उषा मरावी को लेडी सिंघम के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाकर सोहागपुर को अपराध मुक्त करना है। उषा मरावी इससे पहले सिवनी मालवा, नर्मदापुरम में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई बड़े अपराधियों को पकड़ा है और अपराध को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें पुलिस विभाग में उनकी सेवाओं के लिए कई सम्मान भी मिले हैं। उनकी नियुक्ति से सोहागपुर के लोगों में खुशी की लहर है।



### जर्जर मकानों पर चला बुलडोजर बालाजी मंदिर और सूरजगंज में दो पुराने भवन गिराए सीएमओ बोले- बारिश में खतरा था

**इटारसी ■ निसं**

इटारसी नगरपालिका ने शुक्रवार को शहर के बालाजी मंदिर और सूरजगंज क्षेत्र में दो जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया।

कार्रवाई में सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी और उप यंत्री की निगरानी में जेसीबी से कैलाश कौर इंगल की चाल और कन्छेदी लाल साहू के सूरजगंज चौराहा स्थित भवनों को तोड़ा गया। नगरपालिका ने पहले इन मकानों के मालिकों को नोटिस जारी किया था। सीएमओ ने बताया कि बारिश के



मौसम में जर्जर भवनों के गिरने की शिकायतें आम हैं। बालाजी मंदिर और सूरजगंज क्षेत्र के ये भवन काफी पुराने थे। इनसे दुर्घटना का खतरा था। शहर की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नगरपालिका का पूरा अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। पहले बालाजी मंदिर और इंगल चाल में बुलडोजर से क्षतिग्रस्त हिस्सों को गिराया गया।

## ऑफिस के बाहर प्राचार्य के पोस्टर पर विद्यार्थी परिषद का गमछा पहना कर एनएसयूआई के छात्र नेताओं ने किया प्रदर्शन

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रमों में प्राचार्य द्वारा शिरकत किए जाने से नाराज थे छात्र नेता

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

जिले में पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में प्राचार्य के फोटो पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का गमछा पहनाया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ता और प्राचार्य की बहस भी हुई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में शामिल होने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा प्राचार्य को परिषद की सदस्यता ले लेना चाहिए और पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इधर इस पूरे मामले में प्राचार्य ने भावनाओं में बहकर कार्यक्रम में जाने की बात कही। साथ ही कहा कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिए नहीं नर्मदापुरम के लोगों के लिए काम करते हैं। मामला शुक्रवार का है। प्रदर्शन और नारेबाजी




के बीच प्राचार्य डॉ. आरके चौकसे और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की जमकर बहस भी हुई। छात्र कार्यकर्ताओं प्राचार्य से अभद्रता भी करते दिखे। छात्र नेता काफी आक्रोशित दिखे। जिसके वीडियो भी सामने आएं।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में पहुंचने पर नाराज:** एनएसयूआई प्रदेश सचिव आफरीद खान, कॉलेज अध्यक्ष अभय सैनी ने आरोप लगाएं कि अखिल भारतीय परिषद के कार्यक्रम कॉलेज परिसर में होते हैं, जिसके लिए न तो जन भागीदारी शुल्क लिया जाता है, और न ही किसी प्रकार से शासकीय संपत्ति पर झंडे लगाने से परिषद को रोका जाता। प्राचार्य खुद पद का प्रोटोकॉल भूलकर अभाविप के कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं।

9 जुलाई को भी प्राचार्य चौकसे अभाविप के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे और ग्रुप फोटो में शामिल भी हुए। यह सारे घटनाक्रम को सत्ता के दबाव में शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग बताते हुए प्रदर्शन किया गया।

उच्च शिक्षा विभाग से शिकायत का बोले स्टूडेंट्स एनएसयूआई का यह भी आरोप है कि एक जिम्मेदार पद पर बैठकर इस तरह से संभाग के सबसे बड़े कॉलेज का संचालन करने वाले प्राचार्य की भूमिका बेहद निंदनीय है। अगर के दिन कॉलेज में छात्र संघ चुनाव होते हैं तो ऐसे में प्राचार्य की निष्पक्षता किस ओर रहेगी यह तय नहीं किया जा सकता।

एनएसयूआई ऐसी चीजों का हमेशा विरोध करते आई है और आगे भी करेगी। मामले में एनएसयूआई उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर प्राचार्य की शिकायत करेगी।

**प्राचार्य की सफाई मैं भावनाओं में बहकर कार्यक्रम में चला गया:** मामले में नर्मदा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे का कहना है कि अभाविप के स्थापना दिवस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, आचार्य गुरु सोमेश परसाई भी आएं थे। कार्यक्रम को शुरू होने से कुछ देर का समय नहीं होने से सभी मेरे चैंबर में बैठे थे।

गुरुजी परसाई के प्रति मेरी काफी आस्था, प्रेम है। बस उसी भावनाओं में बहकर मैं उन्हें छोड़ने के लिए कार्यक्रम स्थल तक चला गया।

ग्रुप फोटो को लेकर सफाई दी कि कार्यक्रम में मौजूद होने से अतिथि, गणमान्य नागरिकों ने कॉलेज प्राचार्य के नाते मुझे खड़े करवा लिया था। मैं इस बात का खंडन करता हूं कि अभाविप या उनकी नीति-रीति के अनुसार काम करता। मैं केवल नर्मदापुरम शहर के विद्यार्थियों के लिए काम करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया 'ए' महिला टीम घोषित, राधा यादव होंगी कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया 'ए' महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह बहु-प्रारूप दौरा 07 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा, जिसमें तीन टी20, तीन एकदिवसीय मुकाबले और एक चार दिवसीय मैच शामिल होगा। टीम की कमान अनुभवी ऑलराउंडर राधा यादव को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान के रूप में मिन्नू मणि को चुना गया है। इस दौरे का उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देना और भविष्य की भारतीय टीम के लिए मजबूत विकल्प तैयार करना है। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारती टीम तीन टी20 मुकाबले 07 अगस्त से मैकाय में खेलेगी। इसके बाद टीम 50 ओवर के तीन मैच ब्रिसबेन के नॉर्थ्स ग्राउंड में खेलेगी। आखिर में चार दिवसीय मैच एलन बॉर्डर फील्ड, ब्रिसबेन में खेला जाएगा।

**इंडिया 'ए' टी20 टीम-** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

**इंडिया 'ए' वनडे व मल्टी-डे टीम-** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, तेजल हासाबनीस, राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गूजर, जोशिता वी.जे., शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

### फिडे महिला विश्व कप: हम्पी ने खामदमोवा को हराया, हरिका भी तीसरे दौर में पहुंचीं

**बतूमी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने उज्बेकिस्तान की अफरुजा खामदमोवा के खिलाफ आसान ड्रॉ खेलते हुए 1.5-0.5 से मिनी-मैच जीतकर फिडे महिला विश्व कप के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं, भारत की ही डी. हरिका ने अपनी साथी खिलाड़ी पी. वी. नंधिधा को हराकर अंतिम 32 में जगह बना ली। सफेद मोहरों से खेलते हुए हम्पी ने पूरी तरह नियंत्रण में खेल दिखाया और आगामी मुकाबलों के लिए ऊर्जा बचाते हुए ड्रॉ को स्वीकार किया। वहीं, हरिका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नंधिधा को हराया, जो कि जीत के लिए सब कुछ दांव पर लगा चुकी थीं। टूर्नामेंट में दो बार कांस्य पदक जीत चुकी हरिका ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए विरोधी के सफेद मोहरों को निष्क्रिय किया और अंतत: जीत दर्ज की। नंधिधा, किरण मनीषा मोहंती के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं।

विंबलडन चैंपियनशिप 2025

# वर्बीक व सिनियाकोवा ने रचा इतिहास मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया

**लंदन ■ एजेंसी**

चेक गणराज्य की कैटेरीना सिनियाकोवा और नीदरलैंड्स के सेम वर्बीक ने गुरुवार (स्थानीय समयानुसार) को विंबलडन 2025 का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ब्रिटेन के जो सालिसबरी और ब्राज़ील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 7-6(3), 7-6(3) से हराया।

सेंटर कोर्ट पर घरेलू खिलाड़ी सालिसबरी और उनकी जोड़ीदार स्टेफनी के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में चेक-डच जोड़ी ने संयम और आत्मविश्वास का परिचय दिया। दूसरे सेट में स्टेफनी को पैर में परेशानी भी नजर आई, जिसका असर उनकी मूवमेंट पर पड़ा।

जीत का आखिरी बिंदु कैटेरीना सिनियाकोवा के ओवरहेड स्मैश के साथ आया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने खिताबी जीत का जश्न मनाया। यह दोनों की एक साथ पहली खिताबी जीत है। जहां सिनियाकोवा का यह पहला मिक्स्ड डबल्स ग्रैंड स्लैम खिताब है, वहीं 31 वर्षीय वर्बीक के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।

खिताब जीतने के बाद 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने कहा, यह बहुत खास है। इस टूर्नामेंट में खेलकर और जीतकर बहुत मज़ा आया। यह एक शानदार अनुभव था। गौरतलब है कि सिनियाकोवा के नाम अब कुल



11 ग्रैंड स्लैम डबल्स खिताब हो गए हैं, जिनमें इस साल जनवरी में टेलर टाउन्सेंड के साथ जीता गया ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला युगल खिताब भी शामिल है।

अपने साथी की तारीफ करते हुए वर्बीक ने भावुक शब्दों में कहा, कैटेरीना, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके साथ कोर्ट साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। आप डबल्स की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। आपने इस गुरुवार को मेरी जिंदगी का सबसे यादगार दिन बना दिया।

वहीं, जो सालिसबरी ने हार के बाद कहा, फाइनल हारना हमेशा दुखद होता है, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया। दोनों टाई-ब्रेकर में वे हमसे बेहतर साबित हुए।

इस खिताब के साथ सिनियाकोवा और वर्बीक ने न केवल पहली बार मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता, बल्कि विंबलडन इतिहास में अपनी एक खास जगह भी बना ली।

# यूएफा महिला यूरो 2025: स्विट्ज़रलैंड पहली बार क्वार्टरफाइनल में, नॉर्वे ने आइसलैंड को 4-3 से हराया



**जिनेवा ■ एजेंसी**

स्विट्ज़रलैंड की रियोला झेमाइली ने गुरुवार को फिनलैंड के खिलाफ मुकाबले के अंतिम क्षणों में गोल कर टीम को 1-1 की रोमांचक बराबरी दिलाई और इसके साथ ही मेज़बान टीम ने पहली बार महिला यूरो 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस ड्रा के चलते फिनलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

ग्रुप ए में नॉर्वे के बाद स्विट्ज़रलैंड दूसरे स्थान पर रहा। उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उसने नाटकीय अंदाज में हासिल किया। फिनलैंड के लिए नतालिया कुइक्का ने 79वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर बढ़त दिलाई। यह पेनल्टी तब मिली जब वियोला कैलिगारिस ने एम्मा कोइविस्टो को बॉक्स में गिरा दिया। 101वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं सेंटर-बैक कुइक्का ने आत्मविश्वास के साथ गेंद को गोलकीपर लिविया पेंग के विपरीत दिशा में भेजा।

हालांकि, घरेलू दर्शकों के जबरदस्त समर्थन से उत्साहित स्विस टीम ने अंतिम पलों में आक्रामक खेल जारी रखा। 92वें मिनट में जेराल्डीन रयूटेलेर का शॉट भले ही सही से नहीं लगा, लेकिन झेमाइली मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने गेंद को गोल में डालकर स्टेड डी जिनेवा का माहौल जश्न में बदल दिया। मैच में स्विट्ज़रलैंड ने कुल 15 शॉट्स लिए जबकि फिनलैंड सिर्फ 6 पर ही सिमट गया। अब क्वार्टरफाइनल में स्विट्ज़रलैंड का सामना ग्रुप बी की विजेता से होगा, जो फिलहाल विश्व चैंपियन स्पेन है।

एक अन्य मुकाबले में नॉर्वे ने आइसलैंड को 4-3 से हराकर ग्रुप ए में लगातार तीन जीत के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया।

# पचमढी मानसून मैराथन 2025, 7वां संस्करण 13 को, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित दौड़ फिटनेस, इको-टूरिज्म सब एक साथ

**नर्मदापुरम ■ निप्र**

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन के सहयोग और के ए कनेक्ट एडवेंचर नागपुर के माध्यम से, गर्व से पचमढ़ी मानसून मैराथन के 7 वें संस्करण किया जा रहा है, रविवार, 13 जुलाई 2025 को , सतपुड़ा की रानी पचमढी के सुरम्य हिल स्टेशन में 13 जुलाई 2025 को आयोजित किया गया है। विश्व एथलेटिक्स और उद्देश्यों द्वारा प्रमाणित, यह अनोखा मानसून मैराथन भारत से धावकों को आमंत्रित करता है और प्रकृति के बीच फिटनेस को गले लगाने के लिए।

दौड़ सभी वर्ग आयु ग्रुप और फिटनेस स्तरों के लिए है

5 कि.मी. फैमिली फन रनः उम्र 5-10, 11-18, 19-30, 31-45, 46-60, 61+

10 कि.मी.धीरज रनः उम्र 15-30, 31-45, 46-60, 61+

21 कि.मी. हाफ मैराथनः उम्र 18-30, 31-45, 46-60, 61+

41 कि.मी. पूर्ण मैराथनः उम्र 18-40, 41+

(एक चुनौतीपूर्ण 1,000 मीटर ऊंचाई पर - भारत के सबसे कठिन पहाड़ी मैराथन में से एक है।)



**MPT ग्लेन व्यू, होटल से होगा शुभारंभ-** सभी प्रतिभागियों को RFID टाइमिंग चिप, DRI-FIT T-SHIRT, फिनिशर का पदक, प्रमाण पत्र, जलपान और पूर्ण मार्ग समर्थन। प्रत्येक आयु वर्ग में शीर्ष तीन के लिए ट्राफियां। एक अनोखा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सीमित पंजीकरण किये गए हैं। बारिश को अपने जुनून को ईंधन दें। पहाड़ियों को अपनी ताकत का परीक्षण करने दें।प्रकृति को अपनी चीयरिंग भीड़ होने दें।

**एक मैराथन से अधिक** - आत्मा का उत्सव धीरज से परे, पचमढी मानसून मैराथन प्रकृति के साथ लचीलापन, एकता और सद्भाव का उत्सव है। धावक अद्भुत जंगल, झरने, और विरासत ट्रेल्स को पार करते हैं - पचमढ़ी के प्राकृतिक और सांस्कृतिक धन के माध्यम से एक अविस्मरणीय यात्रा के लिए। पहले से ही 1,800+ पंजीकरण के साथ, इस संस्करण में भारत और विदेशों से एक हजार से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम न केवल इको-टूरिज्म और हेल्दी लिविंग को बढ़ावा देती है, बल्कि मध्य प्रदेश को एक स्वच्छ, हरे भरे और सुरक्षित मानसून गंतव्य के रूप में भी रखती है।

**जहां फिटनेस प्रकृति और संस्कृति से मिलती है-**पचमढ़ी मानसून मैराथन 2025 एक ऐतिहासिक घटना के रूप में विकसित हो रहा है - एक अविस्मरणीय अनुभव में फिटनेस उत्साही, प्रकृति प्रेमियों और सांस्कृतिक खोजकर्ताओं को एकजुट करना।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### देश का विदेशी मद्रा भंडार तीन अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार जुलाई को समाप्त हफ्ते में 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते के दौरान कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.85 अरब डॉलर बढ़कर 702.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चार जुलाई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.54 अरब डॉलर घटकर 591.29 अरब डॉलर रह गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.85 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के मुताबिक चार जुलाई को समाप्त हफ्ते में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.74 अरब डॉलर हो गया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

### डॉलर की तुलना में 15 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** ट्रेड टैरिफ की अनिश्चितता और इंडियन स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर की गई बिकवाली के कारण आज भारतीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरावट का शिकार हो गई। आज रुपया डॉलर की तुलना में 15 पैसे की कमजोरी के साथ 85.79 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 85.64 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ की थी। इंटर बैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे की कमजोरी के साथ 85.76 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया 27 पैसे फिसल कर 85.91 के स्तर तक भी आ गया था, लेकिन इसके बाद डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया सुधर कर 85.78 के स्तर तक पहुंच गया। अंत में रुपया पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट के साथ 85.79 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा रुपये ने डॉलर के अलावा ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले मजबूती दिखाई। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 30 पैसे की मजबूती के साथ 116.25 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 18 पैसे की मजबूती के साथ 100.29 के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कमजोर वैश्विक संकेतों और ग्लोबल मार्केट में अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी की वजह से बनी अनिश्चितता के कारण मुद्रा बाजार में भी संभल कर कारोबार हो रहा है।

# डीजीजीआई बेंगलुरु इकाई ने 266 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों वाली छह फर्जी कंपनियों का पर्दाफाश किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने एक मामले की जांच के दौरान नई दिल्ली में 6 से अधिक परिसरों में तलाशी ली। अधिकारियों ने तलाशी के दौरान 266 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के फर्जी चालानों का खुलासा किया, जिसमें फर्जी कंपनियों से 48 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाना और उसे आगे बढ़ाना शामिल था।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि जीएसटी की खुफिया शाखा डीजीजीआई ने दिल्ली शहर में छह परिसरों की तलाशी ली और 266 करोड़ रुपये के फर्जी चालान और फर्जी कंपनियों से 48 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी पारित करने का खुलासा किया है। मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों द्वारा बेंगलुरु में शुरू की गई एक मामले की जांच में पाया गया कि बिना किसी व्यावसायिक गतिविधि के 4 कंपनियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की प्राप्ति दिखाई है।

मंत्रालय ने बताया कि मास्टरमाइंडों ने बिना किसी व्यावसायिक गतिविधि के फर्जी कंपनियां बनाईं, कारोबार बढ़ाने के लिए सर्कुलर ट्रेडिंग की, एक कंपनी को





स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कराया और आईटीसी धोखाधड़ी में लिप्त रहे। वित्त मंत्रालय के मुताबिक जांच से पता चला है कि बिना किसी व्यावसायिक गतिविधि के चार कंपनियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की प्राप्ति दिखाई है। इन कंपनियों के परिसरों की तलाशी के दौरान मुख्य आरोपित के परिसरों से मूल दस्तावेज़, जैसे चालान और मुहरें, बरामद की गईं। इस मामले के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा सर्कुलर ट्रेडिंग और फर्जी आईटीसी के उपयोग से जीएसटी धोखाधड़ी के ऐसे पैटर्न का पता चलने के बाद डीजीजीआई ने सेबी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए हाल ही में सेबी के साथ विशिष्ट जानकारी साझा की है।

### उद्योगों से जुडे ऋण एवं व्यवसाय का पहला एक्सपो समृद्धि कॉन्क्लेव 1-3 अगस्त तक भारत मंडपम में

**नई दिल्ली।** देश का पहला ऋण एवं व्यवसाय एक्सपो समृद्धि कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 1 से 3 अगस्त तक राजधानी के भारत मंडपम में होगा। यह सम्मेलन समावेशी वित्तीय सशक्तिकरण और उद्यमशीलता के पुनरुत्थान की दिशा और 20247 विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतीक साबित होने वाला है। कॉन्क्लेव की समन्वय समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव दुबे ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह केवल आयोजन नहीं है, बल्कि यह हर उस उद्यमी के आर्थिक उत्थान के लिए राष्ट्रीय आंदोलन है, जो महत्वाकांक्षी होने के बावजूद पहुंच से वंचित है। समन्वय समिति की उपाध्यक्ष पूनम गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन बैंकों, एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों, व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं, नीति निर्माताओं, इनक्यूबेटरों और उद्यमियों को एक ही मंच पर लाएगा, जिससे अभूतपूर्व वित्तपोषण, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और सहयोग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, केकेजीए पार एक्सीलेंस प्राइवेट लिमिटेड, सागा, कैट, एआईएआई, हाउस ऑफ एमएलएमसी, एफएम रेडियो मिर्ची और ग्राफिसैड्स की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, विकास पूंजी को खोलना और एमएसएमई, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों और देश के महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करना है। सीए कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि ऋण देने वाली संस्थाओं के लिए समृद्धि कॉन्क्लेव एमएसएमई के एक बड़े समूह के साथ सीधे जुड़ने और उनके ऋण वितरण लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के तीन दिवसीय सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। गुप्ता ने बताया कि 200 से अधिक प्रदर्शकों और 60 हजार से अधिक आगंतुकों के साथ यह आयोजन भारत के वित्तीय और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला बनने के लिए तैयार है।

### क्रिप्टोकरंसी मार्केट में तेजी का रुख, पहली बार एक करोड़ के पार पहुंचा बिटकॉइन




**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन ने आज पहली बार एक करोड़ रुपये के स्तर को पार करके नया इतिहास रच दिया। भारतीय समय के अनुसार शाम 6 बजे बिटकॉइन 1,18,033 यानी करीब 1.01 करोड़ रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। बताया जा रहा है कि अमेरिका में बिटकॉइन ईटीएफ में हुए रिकॉर्ड इन्वेस्टमेंट और दुनिया के कई बड़े संस्थागत निवेशकों द्वारा की गई खरीदारी की वजह से इस क्रिप्टोकरंसी की कीमत में अचानक इतनी तेजी आई है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि बिटकॉइन ने 1,18,000 डॉलर के स्तर को पार करके ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना दिया है। उनका मानना है कि अगर बाजार की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ तो बिटकॉइन जल्दी ही 1,25,000 डॉलर के स्तर तक भी पहुंच सकता है। इस क्रिप्टोकरंसी ने अप्रैल के महीने में ही कंसोलिडेशन का सामना किया था, लेकिन अब इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स की खरीदारी और क्रिप्टो मार्केट में बने बुलिश सेंटीमेंट की वजह से बिटकॉइन ने जबरदस्त तेजी दिखाई है। इस साल जनवरी में 1 लाख डॉलर का आंकड़ा छूने के बाद अप्रैल के महीने में बिटकॉइन 75,000 डॉलर के स्तर तक गिर गया था। इस गिरावट के बाद क्रिप्टो मार्केट में एक बार फिर तेजी का रुख बना शुरू हुआ, जिसकी वजह से इस क्रिप्टोकरंसी ने एक बार फिर 1 लाख डॉलर के स्तर को पार करने में सफलता हासिल कर ली। बिटकॉइन की तेजी की वजह से इसके मार्केट कैप ने ताइवानी और ऑस्ट्रेलियन डॉलर को भी पीछे छोड़ दिया है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि बिटकॉइन की टोटल होल्डिंग का 74 प्रतिशत हिस्सा फिलहाल लॉन्ग टर्म होल्डर्स (निवेशकों) के पास है, जो अभी तक का सर्वोच्च स्तर है।

# कुमार मंगलम बिड़ला यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में हुए शामिल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। वह निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी काम करेंगे।



अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच की तरफ से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया है कि आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला उसके निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति में शामिल हो गए हैं। कुमार मंगलम बिड़ला निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी काम करेंगे। यूएसआईएसपीएफ ने अपने बयान में कहा कि आदित्य बिड़ला समूह अमेरिका में सबसे बड़ा भारतीय ग्रीनफील्ड निवेशक है, जिसका निवेश 15 अरब यूएस डॉलर से अधिक है। ये समूह धातु, कार्बन ब्लैक और रसायन जैसे क्षेत्रों में 15 राज्यों में कार्यरत है। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, यूएसआईएसपीएफ की कार्यकारी समिति में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। बहुत कम समय में यूएसआईएसपीएफ अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को आकार देने और मज़बूत करने में एक मज़बूत शक्ति बन गया है। दोनों देशों के बीच संवाद, सहयोग और विश्वास को बढ़ावा देने में इसके योगदान ने एक सार्थक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, अमेरिका-भारत साझेदारी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक है।


# व्यापारियों को इस वर्ष राखी पर 17 हजार करोड़ के व्यापार की उम्मीद : कैट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इस वर्ष 9 अगस्त को भारत की अनुपम संस्कृति एवं सभ्यता का प्रतीक भाई-बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन देशभर में मनाया जाएगा। इस बार राखी का त्यौहार विशेष है, क्योंकि इसी दिन भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ भी है। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों से आग्रह किया है कि वो इस बार राखी त्यौहार को राष्ट्रभक्ति राखी उत्सव के तौर पर मनाएं। कैट की ओर से जारी एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष राखी पर देशभर में करीब 17 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है।

चांदनी चौक से सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि एक ओर जहां यह दिन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक होगा, वहीं दूसरी ओर देशभक्ति की भावना को भी जीवंत करेगा। इस अनूठे संयोग को देखते हुए देशभर के व्यापारी वर्ग ने बड़े पैमाने पर राखी

**इस वर्ष 9 अगस्त को राखी और 'भारत छोड़ो आंदोलन' की तिथि का संगम**



के त्यौहार पर राखी की बिक्री के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की तीनों सेनाओं के शौर्य और वीरता को सम्मान देने के लिए कैट की पहल पर देशभर से महिला उद्यमी तीनों सेनाओं के सैनिकों को राखियां भेजकर इस बात का एहसास कराएंगी कि सारा देश उनके साथ है। कैट इस संबंध में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर सैनिकों के लिए उनको राखियों की एक खेप भी सौंपेगा।

खंडेलवाल ने कहा कि कैट को इस वर्ष राखी त्यौहार के मौके पर लगभग 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है। वहीं, मिठाइयां एवं ड्राई फ्रूट्, गिफ्ट पैक, हैम्पर्स, सजावट सामग्री, परिधान, सौंदर्य प्रसाधन, पूजा सामग्री और पैकेजिंग आदि का भी करीब 4 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान है। कैट ने देशभर के व्यापार मंडल, स्थानीय बाजार संघ और ट्रेड एसोसिएशन को इस बार राखी को 'राष्ट्रभक्ति राखी महोत्सव' के रूप में भी मनाने का आवाहन किया है।

कैट की वेद एवं धार्मिक कमेटी के चेयरमैन तथा प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य श्री दुर्गेश तारे ने बताया कि रक्षा बंधन का पर्व भद्रा रहित व अपराह्न काल में मनाने का शास्त्रीय विधान है। इस वर्ष श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त को रक्षा बंधन का पर्व प्रातःकाल से दोपहर 1.38 मिनट तक ही मनाना उत्तम रहेगा क्योंकि यह समय भद्रा से मुक्त एवं श्रवण नक्षत्र से युक्त है।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007.
डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।